**आज का मौसम**

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

| 38.2° | 29.4° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:26 | सूर्यास्त 07:03 |

**शहर में आज**



- **शुभारंभ :** भारत लोक शिक्षा परिषद् के एकल कानपुर चैप्टर की ओर से मोबाइल कंप्यूटर ई-रिक्शा लैब का उद्घाटन हेरीटेज होम स्वरूपनगर में शाम 4 बजे।
- **गोष्ठी :** समाजवादी पार्टी के कार्यालय 7 नवीन मार्केट में स्वर्गीय प्यारेलाल गुप्त की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा शाम 5:00 बजे।

## भ्रष्टाचार की हो जांच

**कानपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिला। यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि विकास खंड सरसौल के एक गांव और महाराजपुर मनरेगा में भ्रष्टाचार किया गया है। जिसमें ग्राम पंचायत के अधिकारियों की भी मिलीभगत है।

# कब-कहां चेकिंग होगी सबको पता, कैसे रुके बसों की डग्गामारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उन्नाव में बस हादसे के बाद मुख्यमंत्री ने दिए हैं डग्गामार बसों के खिलाफ चेकिंग अभियान के निर्देश
- पहले ही चेकिंग का पूरा ब्यौरा वाहन स्वामियों तक पहुंच गया है



**अमृत विचार।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर उन्नाव में स्लीपर बस हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश में डग्गामार बसों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान छेड़ने के निर्देश दिए हैं। परिवहन आयुक्त ने अधिकारियों से कहा है कि जिस बस में परमिट, बीमा या फिनटनेस की गड़बड़ी मिले, उसका पंजीयन रद करके कंडम घोषित कर दें और काटकर कबाड़ में बेचने की प्रक्रिया सुनिश्चित करें। लेकिन इस चेकिंग अभियान की जानकारी सार्वजनिक हो जाने से डग्गामार वाहन स्वामी चैन की बंसी बजा रहे हैं।

सड़क दुर्घटना रोकने और अवैध बसों के संचालन पर रोक लगाने के लिए परिवहन आयुक्त के निर्देश पर परिवहन अफसरों की विभिन्न टोल प्लाजा पर ड्यूटी लगाकर बसों की नियमित चेकिंग करने के लिए आदेशित किया गया है। लेकिन 13 से 31 जुलाई तक प्रदेश स्तर पर की जाने वाली चेकिंग का पूरा ब्यौरा वाट्सएप के जरिए वाहन स्वामियों तक पहुंच गया है। इसके मुताबिक चेकिंग अभियान का समय दोपहर 3 बजे से रात 11 बजे तक निर्धारित किया गया है। अभियान के चार दिन बीत चुके हैं, आगे का चेकिंग शेड्यूल कुछ इस प्रकार बताया जा रहा है। 17 जुलाई को अयोध्या का रौनाही टोल, आरटीओ विश्वजीत प्रताप सिंह, 18 जुलाई को कानपुर का बाराजोड़ टोल, आरटीओ विदिशा सिंह, 19 को वाराणसी का कैंथी टोल आरटीओ मनोज कुमार वर्मा, 20 को झांसी सेमरी टोल पर आरटीओ प्रभात पांडेय, 21 को बस्ती के चौकड़ी टोल पर आरटीओ रविकांत शुक्ला, 22 को अलीगढ़ का अकराबाद टोल पर आरटीओ वंदना, 23 को मिर्जापुर के डॉफी टोल में आरटीओ राजेश वर्मा, 24 को गोंडा के कैसरगंज टोल पर आरटीओ आरके सरोज, 25 को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर आजमगढ़ में आरटीओ आरएन चौधरी, 26 को बरेली के फरीदपुर टोल पर आरटीओ दिनेश कुमार, 27 को सहारनपुर का सरसावां टोल आरटीओ विजय कुमार सिंह, 28 को बांदा के भरतकूप टोल पर आरटीओ उदयवीर सिंह, 29 को मेरठ के काशी टोल पर आरटीओ राज कुमार सिंह, 30 को मुरादाबाद के दलपतपुर टोल पर आरटीओ प्रणव झा और 31 जुलाई को प्रयागराज के डंडिया टोल पर आरटीओ संजीव कुमार गुप्ता चेकिंग करेंगे। चेकिंग अभियान की सूचना लीक होने की सच्चाई के संबंध में जानकारी करने पर कानपुर के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि चेकिंग अभियान का पत्र मुख्यालय से जारी हुआ है। चेकिंग अभियान लगातार चलता रहेगा। इस पत्र की सूचना सार्वजनिक होने से कोई फर्क नहीं पड़ता है।

# हुजूर बचाइये, होमगार्ड भी करोड़ों की गाड़ी का चालान कर देते

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस से ई चालान करने का अधिकार वापस लेने की मांग
- परिवहन मंत्री से मिलने के बाद आरटीओ से गुहार

**अमृत विचार।** कानपुर के ट्रांसपोर्टर्स ने लखनऊ में परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह से मुलाकात करने के बाद कानपुर में संभागीय परिवहन अधिकारी से मुलाकात की। कहा कि हुजूर करोड़ों की गाड़ी को होमगार्ड भी रोक लेते हैं और उसका चालान कर देते हैं जबकि होमगार्ड को चालान करने का अधिकार नहीं है।

मंगलवार को कानपुर क्षेत्रीय बस आपरेटर्स जन सेवक एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव पाठक, उपाध्यक्ष अमितेश अंशवानी, महामंत्री संजय वाजपेयी और लक्की अरोड़ा की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में परिवहन मंत्री से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए पुलिस से वाहनों के चालान का अधिकार वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि ये कार्य आरटीओ का है, उसी को करने दिया जाए। बस व्यवसाय अत्यधिक समस्याओं से जूझ रहा है और बंदी के कगार पर है। इस व्यवसाय को बचाने के लिए मंत्री को कई सुझाव दिए गए।

**ये मांगें की गईं**

- पुलिस द्वारा गलत तरीके से किए जा रहे ई चालान के कारण आम जनमानस एवं ट्रांसपोर्ट व्यवसायी परेशानियों से जूझ रहा है। ई चालान से सरकार की छवि जनता के बीच गलत जा रही है, लिहाजा ई चालान का काम पुलिस से वापस लिया जाए।
- बसों की समय सीमा 15 साल निर्धारित है जबकि आल यूपी परमिट सिर्फ 12 साल के लिए मिलता है, लिहाजा परमिट की अवधि 15 वर्ष बढ़ाई जाए।
- बसों पर मासिक कर अत्यधिक होने के कारण जमा करने में बस वालों को अत्यधिक असुविधा होती है।
- अपरिहार्य कारणों से यदि बस को अविलंब कहीं भेजना हो तो अधिकारियों द्वारा पूर्व की भांति अस्थाई परमिट जारी करने की व्यवस्था हो ताकि फीस अगले दिन जमा हो सके।
- 5 विभाग के सभी कार्य आनलाइन और आफलाइन दोनों होना चाहिए क्योंकि अक्सर दो से तीन दिन तक सर्वर काम नहीं करता है।
- 3X2 बसों को आल इंडिया परमिट जारी किया जाए।

## 25 मोहल्लों में सुबह से लेकर शाम तक बिजली गुल

**कानपुर।** शहर में अनुरक्षण व मरम्मत के लिए छह से सात घंटे तक बिजली गुल की जा रही है। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे के बाद बेनाझाबर के एएनएडी कॉलेज, मुरारी लाल अग्रवाल गली, तिकोनिया पार्क क्षेत्र, जूही राखी मंडी, रतनपुर नीम चौराहा, डूडा कॉलोनी, पनकी ई व डी ब्लॉक, एमआईजी कॉलोनी, गोविंद नगर, किदवई नगर एच ब्लॉक, दबौली, दयानंद विहार, इंद्रा नगर, कल्यानपुर मार्केट, नवशीलधाम, नारामऊ, आजाद नगर, गुलाल ग्रीन अपार्टमेंट, गुप्ता सोसाइटी, रूमा गांव, रावतपुर गांव कारवालो नगर, साकेत नगर व कोयला नगर के सतबरी नगर, हॉर्शमैन बाग, किदवई नगर के-ब्लॉक, अजीतगंज समेत 25 क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई। दो-तीन घंटे बीतने के बाद भी जब बिजली नहीं आई तो लोगों ने केस्को के हेल्पलाइन नंबरों और टोल फ्री नंबर 1912 पर कॉल करने शुरू की। आरोप है कि कई बार कॉल करने पर जब नंबर मिला तो उपभोक्ताओं को कर्मचारियों ने सटीक उत्तर नहीं दिया।

# एलिवेटेड रेल ट्रैक से पहले क्रॉसिंगों पर ओवरब्रिज या अंडरपास का सर्वे

## अनवरगंज से आईआईटी तक बनना प्रस्तावित है एलिवेटेड ट्रैक, होगा सर्वे का काम


**विकास**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी से अनवरगंज तक एलिवेटेड रेलवे ट्रैक बनाने से पहले इस बात का सर्वे होगा कि आईआईटी से मंधना के बीच किन क्रासिंगों पर ओवरब्रिज या अंडरपास बनाया जा सकता है। रेलवे बोर्ड से यह आदेश आने के बाद पूर्वोत्तर रेलवे की लखनऊ इकाई ने इस सर्वे की तैयारी शुरू कर दी है। फिलहाल जरीब चौकी रेलवे क्रासिंग पर मल्टीडायमेंशन अंडरपास का प्रस्ताव शासन में लंबित है, जिसे जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

जीटी रोड के समानांतर रेलवे ट्रैक के कारण अनवरगंज से मंधना के बीच क्रासिंगों पर दिन में कई बार जाम लगता है। इस रूट पर हर दिन 50 से अधिक ट्रेनें और मालगाड़ियां गुजरती हैं। इस समस्या के समाधान के लिए ही अनवरगंज से आईआईटी तक एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के निर्माण की योजना बनाई गई थी। योजना के तहत रावतपुर रेलवे स्टेशन समाप्त किया जाना है। इसके स्थान पर छत्रपति शाहू जी महाराज विवि के पास दलहन अनुसंधान संस्थान की भूमि पर एलिवेटेड रेलवे स्टेशन बनाने की योजना है। इस प्रोजेक्ट की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को पिछले साल ही भेज दी गई थी। अब इसे मंजूरी मिलने की प्रतीक्षा है। 995 करोड़ रुपये लागत के इस प्रोजेक्ट को नीति आयोग ने भी सैद्धांतिक सहमति दी है। अब रेलवे टीम इस बात का सर्वे करेगी कि तेजाब मिल क्रासिंग, गुमटी, कोकाकोला, श्रम विभाग, रावतपुर, गीता नगर, शारदा नगर, पालीटेक्निक चौराहा स्थित दोनों क्रासिंग, दलहन अनुसंधान, बगिया, पनकी-कल्याणपुर, गूबा गार्डन, आईआईटी और मंधना रेलवे क्रासिंग में कहां-कहां ओवरब्रिज बन सकता है और कहां अंडरपास बनाया जा सकता है। इसके साथ ही जरीब चौकी क्रासिंग पर अंडरपास के प्रोजेक्ट को जल्द ही मंजूरी दिलाने की तैयारी है।

**680 करोड़ से बनेगा मल्टीडायरेक्शन अंडरपास**



जरीबचौकी क्रासिंग पर मल्टीडायरेक्शन अंडरपास की डीपीआर कंसलटेंट ने सेतु निगम को सौंप दी है। यहां 680 करोड़ लागत से डबल लेयर अंडरपास बनेगा। इसमें 207.75 करोड़ से यूटिलिटी शिफ्टिंग का काम होगा। अंडरपास को दो लेन में बांटा जाएगा। एक लेन पीरोड की तरफ व दूसरी लेन घंटाघर की ओर जाएगी। वहीं गोल चौराहे से कालपी रोड जाने वाले यातायात के लिए एक सिंगल लेन एलीवेटेड लेन बनाई जाएगी, जो जरीबचौकी क्रासिंग पार कर उतरेगी। मुख्य अंडरपास रोड 15 मीटर चौड़ी होगी, अंडरपास की ऊंचाई 5.5 मीटर होगी, इसके साथ ही सिंगल लेन अंडरपास रोड 7.5 मीटर चौड़ी होगी।

# पुराने शुक्लागंज पुल के समानांतर नया फोरलेन पुल

अभिनव मिश्रा, कानपुर

**अमृत विचार।** पुराने बंद पड़े शुक्लागंज पुल के बगल में नया फोरलेन पुल बनाया जाएगा। शासन ने इसका प्रस्ताव बनाने के लिए जिलाधिकारी को निर्देशित किया था। इसके बाद सेतु निगम ने स्थलीय सर्वेक्षण कर नए पुल की लागत 560 करोड़ रुपये बताई है। नए पुल का निर्माण पुराने पुल से 40 मीटर दूरी पर होगा। शुक्लागंज छोर पर रेलवे क्रासिंग की समस्या दूर करने के लिए रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) बनाया जाएगा।

अंग्रेजों के शासनकाल में कानपुर को उन्नाव से जोड़ने के लिए तैयार किए गए पुराने शुक्लागंज पुल को आवागमन के लिए अयोग्य घोषित कर बंद किया जा चुका है। इसके बाद जाजमऊ गंगापुल और गंगा बैराज होते हुए 70 प्रतिशत ट्रैफिक उन्नाव व लखनऊ की तरफ से आता-जाता है। हालांकि कैंट में झाड़ी बाबा पुल पांच साल पहले बने नए गंगा पुल से शुक्लागंज को जोड़ता है। लेकिन इसके लिए लोगों को पनचक्की चौराहा, नरोना, माल रोड जैसे व्यस्त मार्गों पर भारी जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। नया शुक्लागंज पुल तैयार होने से लोगों को जाजमऊ, गंगा बैराज, झाड़ी बाबा पुल से होकर नहीं जाना पड़ेगा। शहर को उन्नाव से जोड़ने के लिए शासन ने शुक्लागंज का नया पुल तैयार करने का प्रस्ताव जिलाधिकारी से मांगा था। जिलाधिकारी राकेश कुमार ने सेतु निगम को पुल निर्माण का भौतिक सत्यापन करने को कहा था। सेतु निगम ने सर्वे कर करीब 850 मीटर लंबे फोरलेन पुल का निर्माण प्रस्तावित कर 560 करोड़ रुपये अनुमानित लागत बताई है। सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक पुराने शुक्लागंज पुल से करीब 40 मीटर दूरी पर फोरलेन पुल बनाकर उसे शुक्लागंज में फोरलेन से जोड़ा जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार पुराने पुल को तोड़कर नया पुल बनाने में भारी लागत आएगी। गुरुवार को सेतु निगम जिलाधिकारी को सर्वे रिपोर्ट सौंपेगा। सहमति बनने पर डीपीआर तैयार कराई जाएगी।

**40** मीटर होगी पुराने पुल से दूरी

**800** मीटर होगी पुल की कुल लंबाई

**560** करोड़ लागत का आकलन

"पुराने शुक्लागंज पुल के समानांतर नए पुल के निर्माण के लिए शासन से आख्या मांगी गई है। सेतु निगम ने भविष्य में बढ़ने वाले ट्रैफिक को ध्यान में रखते हुए 800 मीटर लंबे फोरलेन पुल का प्रस्ताव तैयार किया है, जिसकी अनुमानित लागत 560 करोड़ है। गुरुवार को प्रस्ताव जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा।

-डीके यादव, परियोजना निदेशक, सेतु निगम

**कुछ इस तरह की तैयार की गई डिजाइन**



नया फोरलेन पुल पुराने शुक्लागंज गंगा पुल के समानांतर ओईएफ मैदान की ओर से बनेगा, जो दो हिस्सों में होगा। पहले हिस्से में ओईएफ स्टेडियम की चहारदीवारी के बगल से होते हुए पुराने गंगा पुल के बाएं तरफ से शुक्लागंज तक बनेगा। दूसरे हिस्से में शुक्लागंज रेलवे क्रासिंग से रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) बनेगा। यह दुर्गा मंदिर के पास उतरेगा।

## नगर निगम की लापरवाही...



मैनहोल के अंदर सफाई करते जिंदगी को खतरे में डाले ये नगर निगम के संविदा कर्मचारी बल्लू व सुरेन्द्र हैं जिनको नगर निगम ने सुरक्षा उपकरण मास्क, ऑक्सीजन सिलेंडर तक नहीं दिये। अगर मैनहोल की सफाई के दौरान जहरीली गैस रिसाव से कोई सफाई कर्मी अपनी जान गवां देता है तो क्या नगर निगम के अधिकारी अपनी लापरवाही की जिम्मेदारी लेंगे। वैसे पूर्व में मैनहोल की सफाई के दौरान कई सफाई कर्मियों की जान जहरीली गैस रिसाव के कारण गई है। उसके बाद भी नगर निगम ने कोई सबक नहीं लिया और सफाई कर्मियों को मैनहोल में सफाई करने के लिये मानो मौत के कुएं में उतार दिया। फोटो-मनोज तिवारी

# प्रोफेसर की गर्दन पर चाकू रख लूट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल्याणपुर थानाक्षेत्र में बेखौफ लुटेरे ने दिया दुस्साहसिक वारदात को अंजाम
- मां की गर्दन पर चाकू देख और धमकी से दहशतजदा पुत्र कमरे में हुआ बेहोश

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में विश्वविद्यालय की एक महिला प्रोफेसर के साथ बेखौफ लुटेरे ने घर में घुसकर लूट की दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया। लुटेरे ने महिला प्रोफेसर की गर्दन पर चाकू रखकर लूटपाट की। महिला ने शोर मचाने की कोशिश की तो लुटेरे ने बेटे की हत्या की धमकी दे डाली। महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।

डॉक्टर कल्पना अग्निहोत्री विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। कल्याणपुर पुलिस को उन्होंने बताया कि 14 जुलाई की सुबह करीब साढ़े छह बजे आवास में एक नकाबपोश लुटेरा घुस आया और उन पर चाकू तान दिया। विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की और गर्दन पर चाकू रखकर गला रेत देने की धमकी देने लगा। लुटेरे ने अंगूठी, लैपटॉप, मोबाइल फोन और क्रेडिट कार्ड लूट लिया। मां की गर्दन पर चाकू देख दहशतजदा 15 वर्षीय पुत्र कमरे में बेहोश हो गया। लुटेरा बेटे की हत्या की धमकी देते हुए लूटपाट के बाद भाग निकला। कल्याणपुर इंस्पेक्टर सुधीर कुमार का कहना है कि क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज को खंगाले जा रहे हैं।

"वारदात के लगातार खुलासे के प्रयास किए जा रहे हैं। हाल में शातिरों को गिरफ्तार किया गया है, जो मोबाइल की लूट करते थे। अन्य घटनाओं का भी जल्द अनावरण किया जाएगा।

-अभिषेक पांडेय, एसीपी, कल्याणपुर

**ताबड़तोड़ लूटों से थर्राया पश्चिम जोन**

इन दिनों कमिश्नरेट का पश्चिम जोन लुटेरों के निशाने पर है। पिछले तीन माह से रुक-रुक कर यहां के थानाक्षेत्रों में ताबड़तोड़ लूटपाट की वारदातें हो रही हैं। ये हाल तब है, जब कमिश्नरेट के पश्चिम जोन में ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत 21075 कैमरे लगे हुए हैं। इनमें लुटेरे कैद भी हुए है, लेकिन एक आध घटना को छोड़कर किसी का भी खुलासा नहीं हो सका है।

# संविदा कर्मी के घर से 41 नए-पुराने मीटर बरामद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी के विनोबा नगर में छापेमारी में बरामदगी

**अमृत विचार।** केस्को प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन के निर्देश पर मंगलवार को चकेरी थाना क्षेत्र के विनोबा नगर में संविदा कर्मी के घर में केस्को की टीम ने छापेमारी की, जिस दौरान टीम को बिजली के नए और पुराने 41 मीटर बरामद हुए। संविदा कर्मी का नाम प्रेम बताया जा रहा है।

केस्को में बिजली मीटरों से संबंधित खेल काफी बड़े लेवल पर चल रहा है। इसकी जानकारी अधिकारियों को होने के बाद भी संबंधित संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई नहीं हो पाती है। सूत्रों के मुताबिक यह खेल केस्को के कुछ अधिकारियों की मिली भगत से चल रहा था, जिसका भंडाफोड़ केस्को प्रबंध निदेशक की टीम ने किया। वहीं, केस्को के एक बड़े अधिकारी पर संविदा कर्मी को मौके से छोड़ने की बात सामने आ रही है। जबकि नियम के तहत कोई भी सरकारी या संविदा केस्को कर्मी घर में बिजली मीटर नहीं रख सकता है। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक टीम ने छापामार कर एक कर्मी को पकड़ा है, उसके पास मीटर कैसे पहुंचे, इसकी विभागीय जांच की जाएगी। इसके बाद संबंधित कर्मी व उसके साथ शामिल अधिकारी के खिलाफ संबंधित थाने में तहरीर दी जाएगी।

**व्यवस्था** | एडिशनल पुलिस कमिश्नर ने प्रमुख स्कूलों के साथ की मीटिंग

# स्कूल पार्किंग का करें प्रबंध, बच्चों की अंतराल में हो छुट्टी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- स्कूलों के साथ बैठक में 7 बिंदुओं पर चर्चा, जाम से छुटकारे पर मंथन

**अमृत विचार।** स्कूलों की छुट्टी के दौरान शहर में लगने वाले जाम से छुटकारे के लिए मंगलवार को एडिशनल पुलिस कमिश्नर की अध्यक्षता में स्कूल संचालकों के साथ मीटिंग की गई। बैठक में 7 विशेष बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें स्कूलों को पार्किंग, छोटे व बड़ों बच्चों की छुट्टी में अंतराल रखने को कहा गया।

स्कूलों की छुट्टी होते ही शहर के प्रमुख मार्गों पर अक्सर भीषण जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। गर्मी में जाम में फंस कर बच्चे कई-कई घंटों तक बिलबिलाते हैं। छुट्टी के दौरान लगने वाले जाम से राहत के लिए मंगलवार को एडिशनल पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर की अध्यक्षता में शहर के सभी प्रमुख स्कूल के प्रबंधकों व प्रधानाचार्य के साथ जूम मीटिंग की गई। मीटिंग में निर्देश दिए गए कि स्कूल के बाहर वाहनों की पार्किंग न की जाए, पार्किंग के लिए समुचित स्थान का प्रबंध किया जाए। जहां पार्किंग की दिक्कत है वो स्कूल पार्किंग स्थल का चिन्हांकन करें। साथ ही छुट्टी के दौरान सभी बच्चों को एक साथ छोड़ने के बजाय कक्षा आठ तक के बच्चों को एक बार में वहीं 9 से 12 तक के बच्चों को 15 से 20 मिनट के अंतराल पर छोड़ा जाए। एडिशनल पुलिस कमिश्नर ने छुट्टी के दौरान ट्रैफिक सुव्यवस्थित रखने के लिए गार्ड व स्कूल कर्मचारियों को लगाने को कहा। साथ ही स्कूल प्रबंधन को किशोरों का वाहन चलाने से रोकने के उपाय करने को कहा। स्कूली वाहन मानक के अनुरूप होना है कि नहीं इसकी जांच कराई जाए।

**मोहर्रम पर आज 9 बजे से रहेगा डायवर्जन**

- बुधवार को मोहर्रम के मौके पर शहर भर में तमाम इलाकों से जुलूस निकाले जाएंगे, जिसके कारण ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन प्लान तैयार किया। बुधवार सुबह 9 बज से शहर में डायवर्जन व्यवस्था लागू की जाएगी तो जुलूस की समाप्ति तक लागू रहेगी।
- उन्नाव की तरफ से आने वाले वाहन गंगा बैराज से कर्बला की तरफ नहीं जा सकेंगे, ऐसे वाहन गंगा बैराज से बनियापुरवा मोड़, एनआरआई सिटी होते हुए जाएंगे।
- सिग्नेचर ग्रीन सिटी बस अड्डे की तरफ से आने वाले वाहन मैनावती मार्ग तिराहा से कर्बला की तरफ नहीं जाएंगे, ऐसे वाहन मैनावती मार्ग तिराहे से बाएं मुड़ कर डीपीएस स्कूल होते हुए जाएंगे।
- रेवथ्री की तरफ से आने वाले वाहन रानीघाट तिराहा से आगे कंपनी बाग की तरफ नहीं जाएंगे, ऐसे वाहन रानीघाट तिराहे से बाएं मुड़कर राजीव पेट्रोल पंप होकर जाएंगे।
- राजीव पेट्रोल पंप की तरफ से गोपाला तिरहा होकर कंपनी बाग जाने वाले वाहन इंडियन ऑयल से दाएं मुड़ कर जाएंगे।
- रावतपुर तिराहा से कंपनी बाग कर्बला होकर उन्नाव जाने वाले वाहन रावतपुर तिराहे से आगे नहीं जाएंगे। ऐसे वाहन जीटी रोड होते हुए नया गंगापुल, जाजमऊ होकर जाएंगे।

# बादलों की बेरुखी ने सबकी चिंता बढ़ाई, संकट में पड़ी धान की रोपाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** आमजन और किसान बारिश के लिए लगातार आसमान की तरफ टकटकी लगाए हैं, लेकिन पिछले 10-12 दिनों से मानसून की बारिश नहीं होने से तापमान सामान्य से ऊपर चल रहा है और उमस परेशान कर रही है। मौसम विभाग का कहना है कि अभी दो-तीन दिन मानसूनी बरसात की संभावना नहीं है। बदली के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के अनुसार 1 जून से लेकर 16 जुलाई तक कानपुर में 173.7 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड हुई है। मौसम विशेषज्ञ सुनील पांडेय का कहना है कि जुलाई में 9 दिन मानसून ब्रेक हो चुका है, यदि आगे भी ऐसी स्थिति बनती है तो हालात चिंताजनक और किसानों के लिए मुश्किल भरे हो सकते है। धान की रोपाई का समय चल रहा है। बारिश नहीं होने से फसल प्रभावित हो सकती है। जिन किसानों ने बारिश होने पर धान की रोपाई कर दी थी, उनको लगातार हर दूसरे या तीसरे दिन सिंचाई करनी पड़ रही है। इससे फसल की लागत बढ़ रही है। हर जगह सिंचाई की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। जिस तरह तापमान बढ़ रहा है, आसार अच्छे नहीं हैं। मौसम सूखे की आशंका बढ़ा रहा है।

सीएसए के मौसम विभाग के सीबी सिंह ने बताया मंगलवार को सामान्य से 4.7 डिग्री ऊपर चढ़कर अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान भी 3.1 डिग्री ऊपर चढ़कर 29.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

# सकीना प्यासी है, नारों के बीच दहकते अंगारों पर मातम

## इमामबारगाह अंसार अली मकबरा में भी आग का मातम, कुलीबाजार बूचड़खाना से उठा कुरैशी बिरादरी का जुलूस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** करबला के मैदान में शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की याद में छोटी कर्बला ग्वालटोली मकबरा में दहकते अंगारों पर मातम किया गया। इस दौरान अब्बास सकीना प्यासी है, नारे हैदरी, या हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं। दहकते अंगारों पर मातम के दौरान वहां काले कपड़ों में नंगे पांव मौजूद ख्वातीन ने भी मातम करने वालों का हौसला बढ़ाया। अंगारों पर मातम के दौरान कई युवक बेहोश हो गए जिन्हें होश में लाया गया।

मंगलवार को ग्वालटोली मकबरा शिया जामा मस्जिद में रात 11.45 बजे अन्जुमन मोहम्मदी मुईनउल अजा के तत्वावधान में मजलिसे अजा हुई। मजलिस को मौलाना सैयद जहीर अब्बास ने खिताब किया। बयान सुनकर मजलिस में मौजूद अजादाराने हुसैन और पैगंबर मोहम्मद साहब के चाहने वालों की आंखें भरभरा उठीं। मजलिस के बाद हजारों अजादाराने हुसैन मातम करते हुए (सीना जनी) या हुसैन या अब्बास या सैय्यदी या अब्बास या अली के गगनभेदी नारे के साथ हजरत अब्बास का अलम लिए जुलूस मातम करता हुआ छोटी कर्बला पहुंचा जहां लगभग 15 फिट लम्बे गड्ढे में आग के दहकते अंगारों पर मातम किया गया। मातम करने के उपरांत जुलूस मकबरा हुसैनी मैदान की तरफ मातम करता हुआ ग्वालटोली मछली तिराहा होता हुआ नवाब कम्पाउण्ड सिविल लाइन्स इमामबारगाह नवाब हैदर अली खां में देर रात पहुंचकर समाप्त हुआ।



छोटी कर्बला ग्वालटोली में अंगारे जलाकर मातम किया गया। अमृत विचार

### कुलीबाजार से उठा कुरैशी बिरादरी का अलम जुलूस

**कानपुर।** बूचड़खाना कुली बाजार से कुरैशी बिरादरी ने करबला शहीदों की याद में अलम जुलूस उठाया। ये जुलूस पिछले 118 वर्षों से निकल रहा है। मंगलवार को उठे इस जुलूस की अगुवाई जुल्फिकार अहमद कुरैशी, इफ्तिखार अहमद, मुख्तार अहमद कुरैशी कर रहे थे। इस दौरान बिरयानी, खिचड़ा व अन्य खाने की सामग्री का जगह जगह लंगर किया गया। इसी प्रकार शहर के हजारों इमामबाड़ों पर मातम, मजलिस, नौहाख्वानी का दौर रातभर जारी रहा। दूसरी तरफ नवाब इतरत हुसैन का इमामबाड़ा कर्नलगंज में मजलिसें अजा बरपा हुई और जुलूस उठाया गया। इसी तरह कुरसवां पटकापुर की मस्जिद से अन्जुमन मोईनुल मोमेनीन के तत्वाधान में अलम जुलूस उठाया गया। सकेरा स्टेट मे अन्जुमन बजमें हुसैनी ने आग पर मातम किया। मजलिसों व जुलूसों में नवाब हुसैन, डा. जुल्फिकार अली रिजवी, हाजी मुन्सिफ अली रिजवी, अयाज़ हैदर रिज़वी, बबलू, असर कानुपरी अफसर हुसैन, एहसान हुसैन मौजूद थे।

## इमामबाड़ों पर रखे गए ताजिये फातिहा पढ़ने वालों की भीड़

● सबसे बड़ी ताजिया 25 फिट से भी ऊंची

**कानपुर।** मंगलवार को इमामबाड़ों पर ताजिए रख दिए गये, जहां फातिहा पढ़ने वालों की भीड़ उमड़ी रही।

सबसे बड़ी ताजिया बाबा बदर अली के इमामबाड़े पर रखी गई, ये ताजिया 25 फिट से भी ऊंची थी जिसे रस्सी लगाकर किसी तरह खड़ा किया गया। देर शाम इमामबाड़े पर फातिहा पढ़ने वालों की भीड़ रही।

उधर बाबूपुरवा छोटी बजरिया में भी जरी की खूबसूरत ताजिया रखी गई जिसे देखने वालों की भीड़ रही। इसी प्रकार मछरिया, बेगमपुरवा, बाबूपुरवा, जाजमऊ, रोशन नगर, रावतपुर गांव, जूही लाल कालोनी, जूही सफेद कालोनी, उस्मानपुर, सुजातगंज, रेल बाजार समेत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में इमामबाड़ों पर ताजिया रखे गए। इसी प्रकार कंघी मोहाल, कर्नलगंज, बजरिया, मुन्नापुरवा समेत कई स्थानों पर कुरआनख्वानी की गई।

### यौमे आशूरा आज, कर्बला में सुपुर्द-ए-खाक होंगे ताजिए

- हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत मोहर्रम की दस तारीख को हुई थी, ऐसे में शहर के विभिन्न क्षेत्रों के इमामबाड़ों से ताजिया जुलूस उठेगा और करबला में ये ताजिए सुपुर्द-ए-खाक किये जाएंगे।

### छुरियों का मातम

- पटकापुर में छुरियों का मातम होगा और जुलूस मातम करता हुआ मकबरा ग्वालटोली पहुंचकर समाप्त होगा। इसी प्रकार सुजातगंज से छुरियों का मातम करता हुआ जुलूस बगाही करबला तक आएगा।



कर्बला के बाहर आयोजकों से बात करते डीसीपी सेंट्रल राजेश कुमार सिंह।

## कर्बला का रूट देखा और ताजियेदारों से की बात

● डीसीपी सेंट्रल राजेश कुमार सिंह ने की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मोहर्रम को लेकर मंगलवार को डीसीपी सेंट्रल ने जोन में स्थित बड़ी कर्बला और छोटी कर्बला का निरीक्षण किया। इस दौरान ताजियेदारों के साथ आने और जाने वाले मार्ग को भी देखा। उन्होंने जुलूस के आयोजकों के साथ वार्ता कर निर्देश दिए।

डीसीपी सेंट्रल राजेश कुमार सिंह ने सहायक पुलिस आयुक्त, स्वरूपनगर शिखर व पुलिस बल के साथ कोहना और ग्वालटोली थानाक्षेत्र में स्थित बड़ी कर्बला और छोटी कर्बला के रूट पर फ्लैग मार्च किया। ताजिए आने का मार्ग और ताजिए दफनाए जाने का स्थान और पुलिस बल लगाए जाने वाले समस्त स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय सम्भ्रान्त व्यक्तियों, ताजिया बनाने वाले, ताजिया रखने वाले, जुलूसों के आयोजकों और एस-10 के साथ वार्ता कर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी घटना की तत्काल सूचना दें। जुलूस में लोहे, स्टील आदि धातुओं का पाइप का इस्तेमाल कतई न किया जाए।

## एक नजर

### कर्बला की नायाब चीजों की जियारत आज

**कानपुर।** चमनगंज स्थित हाशमी तिराहा पर यौमे आशूरा के दिन यानी बुधवार को दोपहर 12 बजे करबला की नायाब चीजों की जियारत कराई जाएगी। चमनगंज हाशमी तिराहे पर अल्हाज डॉ सैयद गुलाम मुहीउद्दीन हाशमी द्वारा 111 वर्ष पूर्व स्थापित किए गये शहीद-ए-आजम जलसे का सिलसिला जारी है। मंगलवार को शहादतनामा जलसे की अध्यक्षता डॉ. सुल्तान हाशमी एवं संचालन मौलाना असरार अहमद बकाई ने किया। जलसे के मीडिया इंचार्ज हाफिज सैयद मोहम्मद फैसल जाफरी ने बताया कि 10 मोहर्रम को सुबह दस बजे से जलसा होगा उसके बाद शोहदा-ए-कर्बला व अहले बैत के तबर्रूकात (करबला की नायाब चीजें) की जियारत कराई जाएगी जो दिन में 2 बजे तक होगी।

### मुहर्रम के रूट और मंदिरों के आस-पास सफाई करें

**कानपुर।** मंगलवार को नगर आयुक्त ने आगामी पर्वों को लेकर अपर नगर आयुक्त, जेडएसओ व सभी अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान जलकल जीएम से कहा कि सावन को देखते हुये सभी शिवालयों के पास व मुहर्रम पर जुलूस मार्गों पर पानी के टैंकर रखवाए जाएं। सफाई करें और चूना छिड़कें। सीवर की समस्या को दूर कर लिया जाये। नगर आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी और सभी जेडएसओ से कहा कि नाली और नालों की सफाई के साथ ही फागिंग भी कराई जाये।

### आईएमए व सांसद ने किया ग्रीन बेल्ट में पौधरोपण

**कानपुर।** विष्णुपुरी ग्रीन बेल्ट में मंगलवार को सांसद रमेश अवस्थी व आईएमए पदाधिकारियों ने पौधरोपण किया। सांसद ने हरियाली और ऑक्सीजन का महत्व बताते हुए पौधे लगाने के लिए मौजूद लोगों को प्रेरित किया। इस दौरान आईएमए अध्यक्ष डॉ. नंदिनी रस्तोगी, सचिव डॉ. कुणाल सहाय, कम्युनिटी वेलफेयर के अध्यक्ष डॉ. वीसी रस्तोगी, डॉ. एसएस सिंघल, डॉ. सविता रस्तोगी, डॉ. सलोनी रस्तोगी, डॉ. कमल धवन, डॉ. संजय रस्तोगी आदि डॉक्टर रहे।





रामबाग झूलेलाल मंदिर में मंगला आरती, अभिषेक और पूजा-अर्चना में जुटे भक्त। अब मंदिर के पट 40 दिनों के लिए बंद कर दिए गए। अमृत विचार

## जयघोष के साथ झूलेलाल मंदिर के पट बंद

चालिहा महोत्सव

● सुबह से ही झूलेलाल मंदिरों में भक्तों ने की पूजा

● गंगा नदी और पनकी नहर में बहराणे साहब का विसर्जन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चालिहा महोत्सव पर मंदिरों में झूलेलाल जी का अभिषेक व श्रृंगार, मंगला आरती, सत्संग भजन कीर्तन, श्री पाठी साहब का भोग महाआरती कार्यक्रम आरंभ हो गए हैं।

मंगलवार को रामबाग स्थित झूलेलाल मंदिर में भक्तों ने पहले बहराणे साहब की पूजा अर्चना की और फिर दोपहर दो बजे 40 दिनों के लिए मंदिर के पट बंद कर दिये गये। इस दौरान आयो लाल झूलेलाल का जयघोष किया गया। रामबाग झूलेलाल मंदिर से नृत्य करते हुए भक्त गंगा नदी पहुंचे देर रात गंगा में बहराणे साहब को विसर्जित कर दिया। रामबाग मंदिर में पाकिस्तान से लाई गई ज्योति नियमित जल रही है। चालिहा महोत्सव पर जिनकी मन्नत पूरी हो गई है वह 40 दिनों तक व्रत रखते हैं और रात में बहराणे साहब के विर्सजन के बाद ही व्रत तोड़ते हैं।

वहीं दूसरी तरफ झूलेलाल मंदिर गुजैनी में भी भक्तों ने पूजा अर्चना की। सुबह 10 बजे मंदिर के पट बंद हो गये। देर रात गुजैनी से नृत्य करते भक्त बहराणे साहब के साथ समाधा आश्रम मर्दनपुर पहुंचे और वहां बहराणे साहब को विसर्जित कर दिया गया। ये सिलसिला 40 दिनों तक जारी रहेगा।

पूज्य सिंधी पंचायत समिति गुजैनी के मीडिया इंचार्ज प्रकाश पंजवानी ने बताया कि चालिहा महोत्सव पर मंदिर में प्रतिदिन सुबह 9 बजे एवं सायं 7 बजे आरती होगी जबकि 24 अगस्त को आकर्षण झांकियों के साथ गुजैनी भगवान श्री झूलेलाल मंदिर से शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

## डीबीएस और मजमहा में एमओयू

**कानपुर।** डीबीएस कॉलेज और कंप्यूटर एंड इन्फॉरमेशन साइंसेज द मजमाह यूनिवर्सिटी, सऊदी अरब के बीच मंगलवार को आपसी समझौते पर हस्ताक्षर के लिए सहमति बनी। यह जानकारी देते हुए संयोजक प्रोफेसर केके श्रीवास्तव ने बताया कि इस एमओयू से छात्रों के ज्ञान, कौशल एवं सेवायोजन में प्रगति होगी। दोनों संस्थानों ने शैक्षिक प्रशिक्षण शोध एवं विकास के क्षेत्र में एक दूसरे से सहयोग के लिए सहमति जताई।

डीबीएस में मजमाह यूनिवर्सिटी से आए प्रोफेसर सुनील कुमार शर्मा और डीबीएस कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर अनिल कुमार मिश्रा ने उन बिंदुओं को रेखांकित किया, जिन पर दोनों संस्थान एक दूसरे का सहयोग कर सकते हैं। बैठक में प्रोफेसर इंद्राणी दुबे डॉक्टर आलोक श्रीवास्तव डॉ अनुपम दुबे मौजूद रहे।

## छुट्टी के दिन काम करने पर मिले प्रतिकार अवकाश

● जिलाधिकारी की बैठक में शिक्षकों ने रखी अपनी मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** परिषदीय शिक्षक शिक्षणेत्तर कर्मियों को अन्य कर्मचारियों की तरह प्रतिवर्ष 30 अर्जित अवकाश, 15 हाफ-डे, सीएल अवकाश, अवकाश अवधि में विभागीय काम से बुलाने पर प्रतिकर अवकाश अवश्य दिया जाए। यह मांग डिजिटल उपस्थिति का विरोध कर रहे शिक्षकों ने जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की बैठक में रखी। जिलाधिकारी ने उनकी मांगों को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

सरसैयाघाट स्थित नवीन सभागार में मंगलवार को शिक्षा मित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों की जिलाधिकारी के साथ बैठक हुई। जिसमें मोर्चा के शिक्षकों ने कहा कि आरटीई एक्ट 2009 व राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रम में परिषदीय शिक्षकों को सभी गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाए। सालभर चलने वाले बीएलओ अभियान, एमडीएम पंजिका, डिजिटाइजेशन, सभी ऑनलाइन काम इसी श्रेणी में आते हैं। इसके साथ ही परिषदीय शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों का सामूहिक बीमा, कैशलेस चिकित्सा सुविधा मिले। शिक्षकों की उपस्थिति पंजिका के डिजिटाइजेशन में आ रही दिक्कतों का समाधान कराया जाए।

## तनाव मुक्त जीवन की सीख दी

● कोआपरेटिव इस्टेट सभागार में आध्यात्मिक सत्संग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विवि की ओर से कोआपरेटिव इस्टेट सभागार में सनातन संस्कृति की बुनियादी विषय पर आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन हुआ। जिसमें सामाजिक कल्याण और तनाव-मुक्त जीवन जीने के बारे में बताया गया।

कोआपरेटिव इस्टेट के चेयरमैन विजय कपूर ने माउंट आबू से पधारे रामनाथ, पदम, पीयूष और कानपुर इकाई की आरती, ममता, लक्ष्मी व विष्णु को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने मानव जीवन मिलने, जीवन के उद्देश्य, जीवन जीने की विविधताओं और सामाजिक सरोकारों के बारे में उद्यमियों की जिज्ञासा का समाधान किया। रामनाथ ने कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान से जीवन में ऊर्जा, एकाग्रता और सामाजिक चेतना प्राप्त की जा सकती है। इस मौके पर उद्यमी बलराम नरूला, प्रवीन पुरी, उपाध्यक्ष सुरेश पुरी, निदेशक हरीश ईसरानी, दिनेश कुशवाहा, आरपी सिंह, बसंत लाल विश्वकर्मा, प्रवीन कपूर, संदीप मल्होत्रा, श्याम बिजलानी, सुशील मोहन टकरू, हरिन्दर सिंह, गुलशन कपूर, प्रवीन विज, राजकुमार वर्मा, अरूण जैन, लक्ष्मण खिलवानी, ओम प्रकाश शर्मा आदि रहे।



सत्संग का उद्घाटन करते विजय कपूर। अमृत विचार

बैठक

हेलीकॉप्टर से बचाव-राहत का पूर्वाभ्यास होगा, शासन के निर्देश पर लिया गया फैसला

## बाढ़ के लिहाज से अब शहर अति संवेदनशील श्रेणी में

● आपदा प्रबंधन टीम और अधिकारियों को मॉक एक्सरसाइज के आदेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बाढ़ के लिहाज से शहर अति संवेदनशील श्रेणी में है। आपदा प्रबंधन के लिए अफसरों को मॉक एक्सरसाइज के आदेश दिए गए हैं। इसमें हेलीकॉप्टर से बचाव और राहत पहुंचाने जैसी गतिविधियां भी शामिल रहेंगी। बाढ़ आपदा पर मॉक एक्सरसाइज शहर में 25 जुलाई को होगी। आपदा प्रबंधन टीम जलस्तर बढ़ने, गांवों में पानी घुसने पर नजर रखेगी। मंगलवार को सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक में बताया कि बाढ़ आपदा के नोडल अधिकारी अपर जिला अधिकारी वित्त होंगे। आपातकालीन सहायता नंबर 1070 व 1077 लगातार चालू रहेंगे।

बाढ़ के लिहाज से शहर पहले सामान्य श्रेणी में था, लेकिन अब शासन ने शहर को बाढ़ प्रभावित अति संवेदनशील जिलों की सूची में शामिल करते हुए मॉक एक्सरसाइज करने का आदेश दिया है। जिले में कहां जलस्तर बढ़ा है, किन गांवों में पानी घुस रहा है या ऐसी स्थितियां बन रही हैं। बाढ़ आपदा टीम दौरा करके इसका जायजा लेगी। मॉक एक्सरसाइज में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कैसे राहत और बचाव कार्य कराना है, इसका पूर्वाभ्यास किया जाएगा।

इसमें बाढ़ क्षेत्रों से लोगों की निकासी, हेलीकॉप्टर से बचाव, राहत व रसद पहुंचाने संबंधी गतिविधियां, हेलीकॉप्टर से हताहतों की निकासी जैसे बिंदु शामिल रहेंगे। इन सभी गतिविधियों की जानकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन को दी जाएगी। हवाई राहत बचाव की फुटेज उपलब्ध करानी होगी। मॉक ड्रिल के लिए पांच स्थल चिह्नित होंगे।



जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बाढ़ नियंत्रण को लेकर बैठक की। अमृत विचार

> बाढ़ प्रभावित जिलों में शहर को अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। शासन के आदेशानुसार राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का आयोजन होगा।
>
> -राजेश कुमार, एडीएम वित्त।

## रोजगार देने वाले बनें युवा

**कानपुर।** सीएसजेएयमू के स्कूल ऑफ बिजिनेस मैनेजमेंट विभाग के छात्रों के लिए ओरिएंटेशन का आयोजन किया गया। पूर्व छात्र अर्पित मिश्रा, संस्थापक कृष्णा डेकोर ने कहा कि छात्र केवल रोजगार प्राप्त करने वाले ही नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बनें। जिससे छात्र भविष्य में आगे बढ़ सकें।

डॉ जितेन्द्र डबराल ने ह्यूमन वैल्यू का महत्तव बताया एवं संजीव ने जीवन कौशल और सकारात्मक व्यवहार की क्षमता की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल ऑफ बिजिनेस मैनेजमेट की निदेशिका प्रो. अंशू यादव ने की। उन्होंने बताया कि एमबीए पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया संचालित है जिसमें कुछ शेष सीटें अभी भी रिक्त हैं।

## सार-संक्षेप




प्रदर्शन करते एआईएमआईएम कार्यकर्ता। अमृत विचार

### मॉब लिंचिंग के विरोध में एआईएमआईएम का प्रदर्शन

**कानपुर।** देश में बढ़ रही मॉब लिंचिंग और बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में आल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुसलमीन के कार्यकर्ताओं ने कचहरी में धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की और मॉब लिंचिंग और बुलडोजर कार्रवाई पर तुरंत रोक लगाने की मांग की। मंगलवार को एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष हाजी शौकत अली के निर्देश पर पार्टी के महानगर अध्यक्ष कानपुर दिलदार गाजी की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन किया गया। नगर अध्यक्ष ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अधिकारी को सौंपा। इस मौके पर मोहम्मद नौशाद, उमर मारुफ आदि ने विचार रखे।




गोष्ठी में मौजूद कंपनी के अधिकारी। अमृत विचार

### फाइनेंस, कैपिटल, लाजिस्टिक्स उपलब्ध करवाती है एलएंडटी

**कानपुर।** एलएंडटी-सूफिन औद्योगिक उपकरण, निर्माण सामग्री, इलेक्ट्रिकल्स और उपकरणों की खरीद और बिक्री के लिए देश का अग्रणी एकीकृत मंच है। यह बात क्षेत्रीय प्रमुख - उत्तर, एलएंडटी-सूफिन सौम्या पाठक ने कही। उन्होंने बताया कि यह औद्योगिक और निर्माण उत्पादों और सेवाओं की खरीद और बिक्री के लिए एक एकीकृत बी2बी बाजार है। मर्चेंट्स चैंबर ऑफ उत्तर प्रदेश, एसोचैम एवं एलएंडटी के संयुक्त तत्वावधान में पदमपत सिंघानिया सभागार में आयोजित गोष्ठी में पाठक ने एमएसएमई के लिए डिजिटलीकरण और वित्त के माध्यम से आपूर्ति श्रृंखला में दक्षता पैदा करना विषय पर जानकारी दी। एलएंडटी-सूफिन बायर को फाइनेंसिंग, वर्किंग कैपिटल, लोजिस्टिक्स उपलब्ध करवाती है। संतोष श्रीवास्तवा, हेड सेलर, महेंद्र नाथ मोदी, मधुसूदन पवार, मोहम्मद नाहिद आलम, सुशील शर्मा, देवर्षि देसाई, अभिषेक सिंह, विकास त्रिपाठी और सत्यजीत उपाध्याय, भरत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।




थ्रो बाल के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अमृत विचार

### जोनल थ्रो-बाल प्रतियोगिता का रंगारंग समापन

**कानपुर।** वेंडी एकेडमी हाईस्कूल साकेतनगर में चल रही तीन दिवसीय आईसीएसई स्कूलों की जोनल थ्रो-बाल प्रतियोगिता का मंगलवार को रंगारंग समापन हुआ। प्रतियोगिता के अतिंम दिन मुख्य अथिति अपर जिलाधिकारी नगर डॉ. राजेश कुमार व अन्य अतिथियों ने किड्स डीपीएस के युसुफ बेग, वेंडी हाईस्कूल नारामऊ के अवधेश त्रिपाठी, अजय मेमोरियल पब्लिक स्कूल के अमित कुमार व मर्सी मेमोरियल स्कूल की प्रधानाचार्य मरीना सिरिल मौजूद रहीं। अतिथियों का स्वागत सस्था के प्रधानाचार्य एलके गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि ने सभी विजेताओ को ट्रॉफी व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। धन्यवाद वेंडी एकेडमी हाईस्कूल के प्रधानाचार्य एलके गुप्ता ने दिया।



सीनेट हाल में संबोधित करते सीएसजेएमयू के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक।

### शोध पत्र प्रकाशित करें और प्रोजेक्ट लाएं शिक्षक

**कानपुर।** शिक्षक अधिक से अधिक शोध पत्र प्रकाशित करें। प्रोजेक्ट लाएं, कान्फ्रेंस एवं सेमिनार में ज्यादा से ज्यादा पेपर प्रस्तुत करें। यह बात छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने विश्वविद्यालय के सीनेट हाल में आभार प्रदर्शन कार्यक्रम में शिक्षकों को संबोधित करते हुए कही। सीएसजेएमयू का दोबारा कुलपति बनने पर शिक्षकों का आभार प्रकट करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, प्रो. नीरज कुमार सिंह, डॉ. बृष्टि मित्रा, डॉ. प्रवीन भाई पटेल, डॉ अभिषेक चन्द्रा, डॉ. रामेन्द्र सिंह निरंजन, डॉ. विवेक सिंह सचान, डॉ. आलोक कुमार, डॉ. संदेश गुप्ता, डॉ. अनुराधा कालानी, डॉ. शशिकांत त्रिपाठी, डॉ. किरण झा एवं डॉ. प्रभात द्विवेदी आदि ने प्रोफेसर पाठक का माला पहनाकर, पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया।

# श्मशान घाट के पास मिले प्रेमी युगल के शव

## बिधनू थाना क्षेत्र में सनसनीखेज घटना, तीन दिन पहले घर से लापता हुए थे दोनों, परिवार वाले तलाश में जुटे थे

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार:** बिधनू थाना क्षेत्र की खड़ेसर चौकी क्षेत्र के एक गांव के बाहर श्मशान घाट के पास मंगलवार सुबह प्रेमी युगल के शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक का शव जहां पेड़ से फंदे पर लटका मिला वहीं महिला का शव पेड़ के नीचे खेत पर क्षत-विक्षत हालत में पड़ा मिला। तीन दिन पहले दोनों अपने घरों से लापता हुए थे। फोरेंसिक टीम के साथ पुलिस ने घटनास्थल पर जांच-पड़ताल की।

बिधनू थाना क्षेत्र के कड़री चंपतपुर गांव के मिहीलाल दिवाकर की 32 वर्षीया पुत्री सीमा की शादी वर्ष 2014 में कानपुर देहात के अकबरपुर क्षेत्र के बारा नसरतपुर गांव के हरिशंकर के साथ हुई थी। हरिशंकर प्राइवेट नौकरी करता है।

**जांच शुरू**
- रिंद नदी के किनारे पेड़ पर लटका था युवक का शव
- प्रेमिका का क्षत-विक्षत शव जमीन पर बरामद हुआ


सोनू सिंह।


सीमा।

कुछ दिन पहले सीमा ससुराल से मायके आई थी। तीन दिन पहले सीमा के साथ ही गांव के प्रेम सिंह यादव का पुत्र सोनू सिंह अचानक घर से लापता हो गए। दोनों के परिजन अपने-अपने तरीके से दोनों की तलाश करते रहे, लेकिन कहीं सुराग नहीं लगा।

मंगलवार सुबह गांव से करीब एक किलोमीटर दूर रिंद नदी के किनारे श्मशान घाट के पास सोनू सिंह का शीशम के पेड़ पर गमछे के फंदे पर शव लटका मिला, जबकि उसी के नीचे खेत पर सीमा का क्षत-विक्षत शव पड़ा था।

एक साथ दो-दो शव मिलने की खबर से मौके पर ग्रामीण एकत्र हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर दोनों के परिजन भी मौके पर पहुंचे और एक-दूसरे पर आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर फोरेंसिक टीम के साथ पुलिस पहुंची और प्रारंभिक छानबीन की। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर कर फोरेंसिक टीम से साक्ष्य संकलित कराए। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करते एसीपी रंजीत कुमार सिंह। अमृत विचार

### महिला के शव को नोच रहे थे कुत्ते

जिस शीशम के पेड़ पर सोनू सिंह का शव फंदे पर लटक रहा था, उसी के नीचे सीमा का क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला, जिसे कुत्ते नोच रहे थे। ग्रामीणों के मुताबिक कुत्तों का झुंड दिखने पर ही घटना की जानकारी हुई। कुत्तों का झुंड दिखने पर जब लोग उनके पास पहुंचे तो कुत्ते महिला के शव को नोच रहे थे। कुत्तों ने उसके चेहरे को नोच कर बुरी तरह क्षत-विक्षत कर दिया था, लेकिन गांव की ही युवती होने के कारण लोगों ने उसकी पहचान कर ली। इसके बाद गांव में खबर फैल गई। फोरेंसिक टीम के मुताबिक दोनों की मौत 24 घंटे के भीतर होने का अनुमान है। सही जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगी।

### युवक के शरीर पर चोट के निशान, बह रहा था खून

घटनास्थल के हालात हत्या की ओर से इशारा कर रहे हैं। फंदे पर लटके मिले युवक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। कमर, पीठ और पैर पर खून भी बह रहा था। उसके पैंट की दाहिनी जेब पर मोबाइल भी मिला। चोट के निशान और खून के धब्बे देखकर गांव वाले कयास लगा रहे हैं कि हत्या कर शव लटकाया गया है। हालांकि पुलिस अभी हत्या की बात नहीं स्वीकार कर रही है। घटनास्थल पर पहुंचे घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह का कहना है कि जब तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक मौत के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने युवक की जेब से मोबाइल बरामद होने की बात से साफ इंकार किया। उन्होंने कहा कि घटना की छानबीन की जा रही है।

### 13 साल से प्रेम, रेप में जेल जा चुका था प्रेमी

ग्रामीणों के मुताबिक दोनों के बीच करीब 13 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसका दोनों के परिवार वाले विरोध करते थे। सीमा के पिता ने दुष्कर्म का मुकदमा भी दर्ज कराया था, जिस पर पुलिस ने सोनू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। यह मुकदमा अभी भी अदालत में विचाराधीन है। सोनू के जेल जाने के बाद पिता ने सीमा की शादी कर दी थी। वह अपनी ससुराल चली गई, लेकिन सोनू के जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद फिर दोनों के बीच बातचीत और मिलने-जुलने का सिलसिला शुरू हो गया था। सीमा के तीन बच्चे हैं, जिनमें दो लड़के और एक लड़की है। अभी हाल ही में सीमा फिर मायके आई थी और तीन दिन पहले गायब हो गई थी।

"युवक का शव पेड़ पर लटका मिला है, जबकि महिला का शव जमीन पर मिला है। मौत की स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार कार्रवाई की जाएगी।
-जितेंद्र प्रताप सिंह, थाना प्रभारी

# खेत पर युवती के साथ मारपीट की एफआईआर दर्ज

**पतारा।** क्षेत्र के रामपुर गांव में खेत में बकरी जाने से खफा लोगों ने एक युवती को बेरहमी से पीट दिया। उसे बचाने पहुंची दादी के साथ भी मारपीट की।

रामपुर के लालू की पुत्री अंशिका ने पुलिस को बताया कि वह अपने खेत में बकरी चराने गई थी, तभी एक बकरी पड़ोसी के खेत की तरफ जाने लगी। पड़ोस के रहने वाले छोटू उर्फ सौरभ, शनि और सोनू ने उसके साथ मारपीट की। दादी बचाव करने आई तो उनके साथ भी गालीगलौज कर मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आई हैं। गांव वालों ने बीचबचाव किया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# गौ तस्करों से मुठभेड़, दो के पैर में लगी गोली

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** अरौल थाना क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार भोर पहर दो गौ तस्करों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पैरों में लगने से दोनों घायल हो गए। दोनों को पूछताछ के बाद उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

अरौल थाना क्षेत्र में मकनपुर के पास लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर आगरा से लखनऊ की तरफ गोवंश लादकर जा रहा एक ट्रक खराब हो गया। ट्रक के चालक और क्लीनर सहित उस पर सवार सभी लोग मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक की छानबीन की तो उस पर 16 गोवंश बरामद हुए। गोवंशों को पुलिस ने काजीगंज हसौली गांव स्थित गौशाला में भिजवाया और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की।


मुठभड़े में घायल गुलाब।


मुठभेड़ में घायल शहजाद।

गौ तस्करों को पकड़ने के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित की गईं। पुलिस टीमें गौ तस्करों के खिलाफ साक्ष्य एकत्र कर ही रही थीं। इसी बीच मंगलवार भोर पहर पुलिस को दो आरोपियों के क्षेत्र में होने की सूचना मिली। एसीपी अजय त्रिवेदी के नेतृत्व पुलिस ने दोनों की घेरेबंदी शुरू की। पुलिस के मुताबिक बकोठी खलवा में दोनों को पुलिस ने घेर लिया तो दोनों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में कन्नौज जनपद के तिर्वा थाना क्षेत्र के तसरपुर सरैंया गांव निवासी 23 वर्षीय गुलाब पुत्र भीमा लोहार के बाएं पैर और सुल्तानपुर जनपद के कड़ावर थाना क्षेत्र के गोटिया गांव निवासी 52 वर्षीय शहजाद पुत्र महबूब के दाएं पैर में गोली लगी, जिससे दोनों घायल हो गए।

- अरौल क्षेत्र में बकोठी खलवा के पास हुई पुलिस की मुठभेड़
- दो दिन पहले गोवंश से लदा ट्रक छोड़कर भागे थे तस्कर

मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दोनों घायल पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया और उनके पास से तलाशी में दो तमंचा, दो जिंदा कारतूस और दो खोखा बरामद किए। दोनों को पूछताछ के बाद उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हैलट अस्पताल कानपुर के लिए रेफर कर दिया। दोनों को पुलिस हिरासत में उपचार के लिए कानपुर भेजा गया है, जहां से दोनों को जेल भेजा जाएगा।

# नशेबाजों ने युवक को पीटा, धमकी

**घाटमपुर।** नशेबाजों ने एक युवक को मारा-पीटा और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित ने रेउना थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रेउना थाना क्षेत्र के इछौली निवासी दिनकर तिवारी पुत्र रामकुमार तिवारी ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह अपनी मोटरसाइकिल से रेवना अपनी दुकान जा रहा था, तभी मोटरसाइकिल का पेट्रोल खत्म हो गया। वह पैदल पेट्रोल पंप जा रहा था, तभी रेउना निवासी दानिश, निजाम और अफतर ने गालीगलौज करते हुए थप्पड़-घूंसों मारना-पीटना शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। दोनों पक्षों के बीच पुराने विवाद की बात सामने आई है।

# रेप में आरोपी भेजा गया जेल

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** कोल्ड ड्रिंक पिलाने के बहाने 10 वर्षीया बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले पड़ोसी युवक के खिलाफ पिता की तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो में मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया और मंगलवार को जेल भेज दिया है।

घाटमपुर क्षेत्र के एक गांव में सोमवार देर शाम बालिका के साथ रेप का मामला सामने आया था। आरोप था कि पड़ोसी युवक बालिका को कोल्ड ड्रिंक पिलाने के बहाने कमरे में ले गया। वहां पर वारदात को अंजाम दिया। बालिका को किसी से कुछ कहने पर जान से मारने की धमकी दी। बालिका रोते हुए घर पहुंची। परिजनों के पूछने पर बताया कि अंकल मुझे कमरे में ले गए थे। वहां मेरे साथ गलत काम किया। परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी युवक को हिरासत में लेकर थाने ले आई, जहां उससे पूछताछ की गई।

- कोल्डड्रिंक पिलाने के बहाने कमरे में ले गया था आरोपी
- पिता की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की

देर रात पुलिस ने पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि मामले में पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि बालिका को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

### युवती से छेड़खानी में युवक गिरफ्तार

**घाटमपुर।** रेउना ताना क्षेत्र में एक युवती के साथ गांव के ही एक युवक ने घर में घुसकर छेड़खानी की। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रेउना थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती के पिता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी नाबालिक पुत्री घर में अकेली थी। उसी समय गांव का ही एक युवक घर सूना पाकर घुस गया और बेटी के साथ छेड़खानी करने लगा। बेटी ने शोर मचाया तो युवक भाग निकला और देख लेने की धमकी दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष जसवंत सिंह चौहान ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# कहासुनी में युवक पर ईंट से किया हमला

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** ककवन कस्बे के अंबेडकर नगर मोहल्ले में सोमवार को एक मामूली कहासुनी के बाद दो लोगों में झगड़ा हो गया। दोनों युवकों ने एक-दूसरे को पीटा। एक युवक ने ईंट से हमला कर दूसरे को गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे गंभीर हालत में कानपुर रेफर किया गया है।

ककवन कस्बे के अंबेडकर नगर निवासी रावेन्द्र पुत्र गुलाब ने सुनील पुत्र सूबेदार पर हमला कर मरणासन्न कर दिया। परिवार और स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों शराब को लेकर झगड़ा कर रहे थे। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक-दूसरे पर वार करना शुरू कर दिया। रावेन्द्र ने डंडे से पीटकर सुनील को अधमरा कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने जब तक हस्तक्षेप किया, तब तक सुनील लहूलुहान हो गया और उसकी हालत गंभीर हो गई। उसकी हालत देखकर लोग स्तब्ध रह गए। वह लहूलुहान हो गया था।

**आरोपी गिरफ्तार**
- शराब को लेकर आपस में झगड़ा कर रहे थे दोनों युवक
- घायल को कानपुर रेफर किया गया, आरोपी गिरफ्तार

परिजनों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां सुनील की हालत नाजुक होने पर उसे तत्काल कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि दोनों युवक शराब को लेकर आपस में ही भिड़ गए थे। तहरीर लेकर कार्रवाई की जा रही है। देर रात पुत्र राहुल की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# मेडिकल कॉलेज का भवन बनकर तैयार

**कानपुर देहात।** जनपद में स्वशाषी मेडिकल कालेज के कुंभी व जिला अस्पताल परिसर में बने भवनों का निर्माण पूरी हो चुका है, जबकि बाह्य विकास कर कार्य अभी जारी है। वहीं कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग की ओर से निर्माण पूरा होने की सूचना दिए जाने के बाद अब हस्तांतरण की प्रकिया शुरू की गई है। इसमें शासन से तय मानकों की जांच के लिए डीएम ने सीडीओ की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय टीम का गठन किया है।

अकबरपुर तहसील क्षेत्र के कुंभी गांव में स्वशाषी मेडिकल कालेज के शैक्षणिक भवन के साथ ही जिला अस्पताल परिसर में बने भवनों का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। करीब 265 करोड़ रुपये की लागत वाले मेडिकल कालेज के सभी भवनों का निर्माण पीडब्ल्यूडी ने कराया है। वहीं एनएमसी ने प्रोफेसर व संसाधन पूरे न होने के कारण इसके संचालन के लिए मान्यता देने से इंकार कर दिया है। मेडिकल भवन की जल्द ही जांच होगी।

# कोटा निरस्त करने में फर्जी बयान!

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** बिल्हौर विकास खंड क्षेत्र में राशन की दुकान निरस्त करने के मामले में एक सनसनीखेज खुलासा हुआ है। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी से मिलकर बताया कि एक गांव के लोगों के बयान के आधार पर दूसरे गांव की राशन दुकान को निरस्त कर दिया गया है। इस मामले का खुलासा होने के बाद पूर्ति विभाग में हड़कंप मचा है।

ग्रामीणों ने बताया कि मार्च महीने में अरौल की राशन कोटेदार रामबेटी का कोटा स्थानीय लोगों की शिकायत का आधार बताकर अधिकारियों ने निरस्त कर दिया था। इसके पहले ऐसा ही मामला बिल्हौर ब्लॉक के नेवादा शाह में सामने आया था, लेकिन अरौल की दुकान निरस्त करने में नेवादा शाह के ग्रामीणों के बयान का ही प्रयोग किया गया।

इसको लेकर मंगलवार को पूर्ति कार्यालय पहुंचे लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। मामला अब तूल पकड़ता नजर आ रहा है। सपा की पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रचना सिंह ने भी मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि दुकान निरस्त करने में दूसरी ग्राम पंचायत के लोगों के बयान दिखाए गए, जो अरौल ग्राम पंचायत के निवासी ही नहीं थे। ऐसे में दुकान निरस्त करने का आदेश देने वाले अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। एसडीएम ने जांच का आश्वासन दिया है।

**मामला गंभीर**
- दूसरे गांव के लोगों के बयान पर कोटा निरस्त करने का आरोप
- तहसील में ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन के बाद विभाग में हड़कंप


एसडीएम से मामले को लेकर वार्ता करतीं सपा नेत्री रचना सिंह। अमृत विचार

"त्रुटिवश एक ही नाम के लोगों के बयान दर्ज हो गए हैं। कार्रवाई सही ढंग से हुई है। फिर भी मामले की विस्तृत जानकरी ली जा रही है।
-राकेश कुमार, डीएसओ

"इस पूरे मामले की जानकारी हुई है। मामला गंभीर है। जिला पूर्ति अधिकारी से प्रकरण की पूरी रिपोर्ट मांगी जाएगी।
-आशुतोष दुबे, एडीएम आपूर्ति

## सार-संक्षेप


घाटमपुर में ताजिया जुलूस में आसपास गांवों के लोग पहुंचे। अमृत विचार

### घाटमपुर में अखाड़े के साथ निकला ताजिया का जुलूस

**घाटमपुर।** मोहर्रम की 9वीं तारीख पर मंगलवार की रात ताजिया का जुलूस शान-ओ-शौकत के साथ निकाला गया। बड़े इमामबाड़े हाफिजपुर से खलीफाओं और अखाड़ा प्रबंधकों की अगुवाई में देर रात जुलूस परंपरागत मार्गों से होते हुए तकिया इमामबाड़ा पहुंचा, जहां से वापस फिर बड़ा इमामबाड़ा पहुंचा। मोहर्रम का जुलूस दो अलग- अलग अखाड़ों के खलीफाओं की अगुवाई में निकलेगा। सोमवार की रात बड़े ताजिया का जुलूस खलीफा नदीम इलाही, खलीफा कमर अंसारी, खलीफा मो .आसिफ की अगुवाई में निकाला गया। इनके साथ अखाड़े के प्रबंधक शाबू कुरैशी, नफीस कुरैशी, कमरुद्दीन, शोएब, पप्पू आदि शामिल रहे। इस दौरान थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह फोर्स के साथ मुस्तैद रहे।

**अनदेखी** उपेक्षा का शिकार बंदीमाता मार्ग पर सलामत गुजरना आसान नहीं, क्षतिग्रस्त मार्ग पर आए दिन होतीं दुर्घटनाएं

# सड़क पर कीचड़ और गड्ढों की भरमार, चार कदम चलना चुनौती

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** कस्बे से जुड़े बंदी माता मार्ग की खस्ता हालत के चलते लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षतिग्रस्त मार्ग पर हुए बड़े-बड़े गड्ढों से जहां प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, वहीं इसके कारण स्कूली बच्चों को अवागमन करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या को देखते हुए इलाकाई लोगों ने मार्ग की मरम्मत अविलंब कराये जाने की मांग उच्चाधिकारियों से की है।

कस्बे से जुड़ा बंदी माता संपर्क मार्ग मौजदा समय मे जीर्ण शीर्ण स्थिति में है। समय रहते मरम्मत कार्य न कराये जाने से लगभग 9 किमी मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। प्रमुख मार्ग से क्षेत्र के त्रिलोकपुर, रुद्रपुर बैल, मोहिनीनिवादा, बजरामऊ, गबड़हा, राजारामपुर, अबाबकरपुर, फत्तेपुर, बरइनपुरवा, सुनौढा, तरीपाठकपुर, खुचकीपुर, बेहटा समेत आधा दर्जन से अधिक गांवों के लोगों का प्रतिदिन आवागमन रहता है।

- गंगा घाट का मुख्य रास्ता होने के लिहाज से ट्रैफिक अधिक
- सड़क से जुड़े आसपास के गांवों के लोगों की परेशानी

त्रिलोकपुर गांव के आदित्य यादव, गबड़हा के अनिल पटेल, धर्मवीर, राजारामपुर के पूर्व प्रधान देवशरण तिवारी, संजय शुक्ला ,अबाबकरपुर के नगेंद्र यादव, फत्तेपुर के वीरेंद्र चौरसिया, राजेंद्र और सुनौढा के प्रताप भानु सिंह व हर्ष बहादुर सिंह आदि ने बताया कि वर्षों से कोई मरम्मत कार्य न होने से मार्ग पर डामर तो क्या, गिट्टी व बजरी तक जगह-जगह उखड़ चुकी है। मार्ग पर हुए बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर जाने से इनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। ऐसे में दो पहिया वाहन चालक आए दिन गिरकर चुटहिल होते हैं। गंगा तटवर्ती गांवों के लोगों का प्रतिदिन कस्बा आवागमन रहता है। वहीं मार्ग स्थित विद्यालयों में बड़ी संख्या में बच्चे पढ़ने के लिए आते जाते हैं। ऐसे में गड्ढायुक्त मार्ग पर चलना खतरे से खाली नहीं है।

**गंगा स्नानार्थियों का होता आवागमन:** इलाकाई लोग सड़क की दुर्दशा के लिए मिट्टी भरे डंपरों का आवागमन बताते हैं। ग्रामीणों के अनुसार हाईवे निर्माण के दौरान तो दिन रात यहां डंपरो की आवाजाही बनी रही, जिससे मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। क्षेत्रीय लोगों के साथ गैर जनपदों के लोग बंदी माता के दर्शन के लिए आते हैं। सावन के महीने में गंगा स्नानार्थियों की संख्या बढ़ जाती है। कानपुर देहात से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। ऐसे में खस्ताहाल मार्ग लोगों के लिए समस्या उत्पन्न किए है।


दुर्दशा का शिकार बंदीमाता मार्ग। अमृत विचार


सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और जलभराव मुसीबत बना है। अमृत विचार

### सड़क पर पांच साल पहले हुआ था पैचवर्क

लोगों ने बताया कि करीब पांच वर्ष पहले मार्ग पर जहां-तहां गड्ढों की भरपाई कराई गई थी। पैचवर्क होने के बाद दोबारा मार्ग की मरम्मत की नौबत अभी तक नहीं आ सकी। आवागमन में समस्या को देखते हुए इलाकाई लोगों ने इसकी मरम्मत कराए जाने की उच्चाधिकारियों से मांग दोहराई है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# अलग-अलग सड़क हादसे में युवक की मौत, 6 लोग घायल

## असोहा थानाक्षेत्र में रोडवेज बस की टक्कर से पलट गई ट्रैक्टर ट्राली, तीन लोग घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


सफीपुर सीएचसी में भर्ती घायल। अमृत विचार

● बाइक की टक्कर से साइकिल सवार तीन किशोर हुए घायल

**अमृत विचार।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। सुबह उसका शव लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में बाइक की टक्कर से साइकल सवार तीन किशोर घायल हो गए। वहीं, असोहा थानाक्षेत्र में बस की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से चालक व तीन मजदूर घायल हो गए।

**हसनगंज।** कोतवाली क्षेत्र के सुंधारी खुर्द गांव निवासी सर्वेश साहू

**केस 01**

(30) पुत्र राकेश मजदूरी करता था। सोमवार शाम वह घर में बिना बताए कहीं निकल गया। बताया जा रहा है कि रात में वह गांव से ढाई किमी दूर संचालित देशी शराब ठेका गया था। वहां से शराब पीकर पैदल घर लौट रहा था। तभी कोतवाली क्षेत्र के सहजना गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत हो गई। रात होने से शव सड़क किनारे पड़ा रहा। मंगलवार भोरपहर ग्रामीणों की नजर पड़ी तो सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। वह दो भाई व चार बहन है। सात साल पहले उसकी शादी औरास थानाक्षेत्र के कोटरा डकौली गांव निवासी पूजा से हुई थी। लेकिन पत्नी उसे छोड़कर मायके में रह रही थी। छोटा भाई कुलदीप अविवाहित है और कर्नाटक में मजदूरी करता है। बहनों में विद्यावती, रामरती व नीलम विवाहित व राजकली अविवाहित है। बेटे की मौत से मां शिवकली बेहाल है। पिता राकेश ने बताया कि छोटी बेटी नीलम की शादी 14 जुलाई को थी। उसी में बेटा लखनऊ से आया था।

**पुरवा।** लखनऊ जिला के थाना बिजनोर के परवर पश्चिम गांव

**केस 02**

की ट्रैक्टर-ट्राली असोहा क्षेत्र के सुडौली गांव में जायसवाल ब्रिक फील्ड पर ईंट ढुलाई में लगी है। मंगलवार को ईंट लादकर मोहनलाल गंज जाते समय मौरावां-मोहनलाल गंज मार्ग पर सामने से आई रोडवेज बस की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्राली में पलट गई। इसमें परवर पश्चिम गांव निवासी चालक बाबू व वहीं के निवासी मजदूर अमित व अमन नीचे दब गए। लोगों की मदद से उन्हें बाहर निकालकर असोहा सीएचसी लाया गया। जहां से बाबू को जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं टक्कर मारने के बाद चालक बस सहित भाग निकला।

**सफीपुर।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के तकिया गांव निवासी

**केस 03**

अभिषेक (15) पुत्र सरवन, नितिन (16) पुत्र बाल कृष्ण व सूर्यांश (10) पुत्र कन्हैया लाल मंगलवार को एक साइकिल से आम के बाग जाने को निकले थे। तभी कोतवाली क्षेत्र के तकिया चौराहा पर लखनऊ से आई बाइक ने साइकिल में टक्कर मार दी। इससे तीनों गंभीर घायल हो गए। जिन्हें परिजन सफीपुर सीएचसी लाए। जहां से उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया।

# पत्नी को चाकू से गोद कर मार डाला, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● कहासुनी के दौरान रसोई से चाकू लाकर किया हमला

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के गदन खेड़ा में पति-पत्नी के बीच हुई कहासुनी इतनी बढ़ गई कि पति ने पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया। चीख सुनकर पड़ोसी दौड़े और पुलिस को घटना की सूचना दी। महिला को जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गदनखेड़ा मोहल्ला निवासी अमित श्रीवास्तव उर्फ पिंटू लाला मंगलवार रात अपने घर पर था। तभी किसी बात को लेकर उसकी पत्नी रजनी से कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि अमित रसोई में रखा चाकू उठा कर लाया और पत्नी रजनी के गले पर हमला कर दिया। घटना की जानकारी होने पर एसएचओ प्रमोद कुमार मिश्र फोर्स के मौके पर पहुंचे और घायल महिला को जिला अस्पताल की इमरजेंसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने रजनी को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है उसकी शादी 12 वर्ष पहले हुई थी और रजनी के एक आठ साल का बेटा भी है। पुलिस आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है। एसएचओ ने बताया कि पति ने पत्नी से विवाद के बाद उसकी हत्या कर दी है। हत्या की जानकारी पर सीओ सिटी सोनम सिंह भी पहुंची।


हत्या की सूचना पर सीओ सिटी सोनम सिंह पहुंची। अमृत विचार

# हैंगिंग से हुई किशोरी की मौत पुलिस ने निराधार बताए आरोप

**फालोअप**

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● बक्सर घाट पर परिजनों ने किया शव का अंतिम संस्कार

**अमृत विचार।** बिहार थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने सोमवार शाम फंदे से लटककर जान दे दी थी। मंगलवार को उसके शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने बक्सर घाट पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

बता दें कि बिहार थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी का शव फंदे से लटका मिला था। इससे पहले किशोरी अपने घर से लापता हुई थी और दो दिन बाद निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे पर मिली थी। उसके बाद अचानक उसके फंदे से लटककर जान देने के बाद कई तरह की चर्चा रही और पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठे। मंगलवार को सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने सभी आरोपों को नकारते हुए बताया कि पुलिस ने पूरे मामले की नियमानुसार कार्रवाई की। किशोरी ने शाम घर से जाने और वापस लौटने की बात कही थी। उसने छेड़छाड़ से भी इंकार किया था। इसके बाद पुलिस ने कोर्ट में एफआर दाखिल की थी। वहीं पीएम रिपोर्ट में भी हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है।

# विभागाध्यक्षों का तय किया पौधरोपण लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● वन विभाग 14 लाख 52 से अधिक पौधों का कराएगा रोपण

● लक्ष्य देकर सभी को एक-एक पौधा लगाने के निर्देश दिए गए

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने वृक्षारोपण अभियान-2024 के जरिए जनसहभागिता से जिले में 59 लाख 57 हजार से अधिक पौधे लगवाने पर जोर दिया। इसके लिए सभी विभागों को मुहिम चलाकर अधिक से अधिक लोगों को पौध रोपण के साथ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ानी चाहिए।

जिलाधिकारी वन सहित अन्य विभागाध्यक्षों के साथ पौध रोपण अभियान की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने वनाच्छादन सहित पिछले वर्ष विभिन्न विभागों के माध्यम से कराए गए पौधरोपण की जानकारी ली। कहा कि विभागाध्यक्ष यह बात अच्छी तरह समझ लें कि रोपे जाने वाले सभी पौधों के संरक्षण का जिम्मा भी उठाना होगा। सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को कम से कम एक पौधा स्वयं लगाना होगा। पौधारोपण के लिए अनुकूल परिस्थितियों वाली भूमि का चयन किया जाना चाहिए। कहा सामान्यतः पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बनाए रखने को न्यूनतम 33 प्रतिशत वनाच्छादन होना चाहिए, जबकि जिले में मात्र 5.82 प्रतिशत वन हैं।


पौधरोपण अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते जिलाधिकारी गौरांग राठी।

जिलाधिकारी ने बताया कि वृक्षारोपण अभियान के तहत शासन की मंशा के अनुरूप विशिष्ट वन तैयार करने के लिए पौधरोपण होगा। इसमें आवंटित लक्ष्य पूर्ण करने के लिए 14 लाख 52 हजार से अधिक पौधे वन विभाग लगाएगा, जिबकि अन्य 26 विभाग बाकी बचने वाले पौधों का रोपण कराएंगे। राजस्व विभाग चरागाह की संरक्षित भूमि, ग्राम विकास विभाग ग्रामसभा की सार्वजनिक भूमि, स्वास्थ्य विभाग सभी अस्पताल परिसरों, विद्युत विभाग सभी उपकेंद्र उद्योग विभाग औद्योगिक आस्थानों व कृषि एवं उद्यान विभाग किसानों व योजनाओं के लाभार्थी बागान मालिकों के माध्यम से पौधरोपण कराएंगे। बैठक में सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, प्रभागीय निदेशक वन आरुषी मिश्रा, उप संभागीय निदेशक संतोष कुमार वर्मा, संदीप पारपरिया, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डा. एके माथुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# आज कर्बला में दफन होंगे ताजिया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● हादसे से निपटने को ठप रहेगी विद्युत आपूर्ति

● जुलूस के दौरान पुख्ता सुरक्षा बंदोबस्त करने के निर्देश

**अमृत विचार।** शहर सहित जिले के कस्बाई व ग्रामीण इलाकों ने मोहर्रम का जुलूस निकालकर ताजियों को दफन किया जाएगा। इस दौरान जुलूस में शामिल मुस्लिम भाई मातम मनाते हुए जहां यृद्धकला का प्रदर्शन करेंगे। डीएम ने मातहतों को सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश देते हुए सभी से शांति कायम रखने को कहा है।

शहर के ककरहा बाग से दोपहर करीब एक बजे मोहर्रम का जुलूस उठेगा। ताजिया जुलूस विभिन्न मोहल्लों से होकर एबी तालिब सरांय स्थित कर्बला पहुंचेगा, जहां ताजियों को दफन किया जाएगा। इससे पहले विभिन्न मोहल्लों व अखाड़ों के अलम व ताजिया उठकर ककरहा बाग पहुंचेंगे। जुलूस के दौरान हादसों की संभावना समाप्त करने के लिए विद्युत आपूर्ति ठप रखी जाएगी। साथ ही रूट के प्रमुख स्थानों खासकर मिश्रित बस्तियों में सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। नगर पालिका परिषद ने मंगलवार को अभियान के तहत सुअर पालकों को अपने-अपने पशु बाड़ों में बंद रखने की हिदायद दी है। डीएम गौरांग राठी ने सभी एसडीएम को परंपरागत रूट से ही मोहर्रम के जुलूस निकालने की सहमति देने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सीओ के समन्वय से सभी जगह कड़े सुरक्षा इंतजाम किए जाएं। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने सभी कोतवाली व थाना प्रभारियों को ताजिया जुलूस के दौरान पुख्ता सुरक्षा बंदोबस्त करने के निर्देश दिए हैं।

### जगह-जगह आयोजित होंगे लंबर

मोहर्रम जुलूस में शामिल होने वालों की सुविधा के लिए रास्ते में जगह-जगह लंगर आयोजित किए जाएंगे। साथ ही सबील वितरण के लिए भी लोग स्टाल लगाएंगे। लंगर आयोजित कराने वालों में न सिर्फ मुस्लिम भाई, बल्कि सिख व अन्य समुदाय के लोग भी रहते हैं। कई लोगों ने ठंडा पानी व कोल्ड ड्रिंक बंटवाना तय किया है।

### सुरक्षा के रहेंगे कड़े बंदोबस्त

उन्नाव। मोहर्रम को लेकर निकलने वाले जलूस व मजलिशों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने निर्देश दिए हैं कि ताजियों को परंपरागत मार्गों से ही निकाला जाए और कोई नई परंपरा न डाली जाए। जलूसों को लेकर सभी जगह पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही सादे कपड़ों में भी पुलिस निगरानी करेगी। कर्बला में ताजिया दफन होने तक पहले ही रूट डायवर्जन किया गया।

# पुलिस ने कार से बरामद किए 40 लाख, 3 लोग हिरासत में लिए गए

**नवाबगंज उन्नाव।** एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने जिले की सीमाओं के साथ संदिग्ध स्थानों पर पुलिस को वाहनों की चेकिंग के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत अजगैन कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार सिंह, नवाबगंज चौकी इंचार्ज अरविंद कुमार पांडे पुलिस टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान लखनऊ से कानपुर जा रही एक कर को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो चालक कार को भगाने लगा। पुलिस ने बैरियर लगाकर उसको रोका। उसमें सवार तीन युवकों को पकड़ा और पूरी गाड़ी की तलाशी ली तो करीब 40 लाख रुपए की नगदी कार से बरामद हुई। कार चला रहे युवक से पूछताछ की तो वह पैसों का कोई सही आंकड़ा नहीं दे सका। इसके बाद पुलिस ने तीनों युवकों को हिरासत में लिया और उन्हें कोतवाली ले गई।

# मॉर्जिनल बांध योजना को लेकर जिलाधिकारी से मिले

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

● 2013 में मॉर्जिनल बांध बनाये जाने की घोषणा की गई थी

**अमृत विचार।** गंगा के किनारे बसे कई गांवों के हजारों लोगों की सुरक्षा को देखते हुये शुक्लागंज पुराने पुल से लेकर जाजमऊ पुल तक 2012 में मार्जिनल बांध बनाये जाने का प्रस्ताव केन्द्र व राज्य को तत्कालीन विधायक दीपक कुमार द्वारा भेजा गया था। जिसपर तत्कालीन सीएम अखिलेश यादव ने वर्ष 2013 में मॉर्जिनल बांध बनाये जाने की घोषणा की थी। गलत रिपोर्ट लगने के कारण बांध नहीं बन सका। जिस पर मंगलवार को पूर्व विधायक ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर बांध बनवाये जाने की मांग की है।

पूर्व विधायक रामकुमार ने जिलाधिकारी गौरांग राठी से मुलाकात करते हुये बताया कि वर्ष 2014 में मुख्य अभियंता समिति ने 14567.21 लाख का अनुमोदन किया। 2015 में उ.प्र. बाढ़ नियंत्रण परिषद की स्थाई समिति ने परियोजना स्वीकृति गंगा बाढ़ नियंत्रण केन्द्र पटना को हस्तागत किया। जिस पर निदेशक जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय, गंगा बाढ नियंत्रण आयोग का क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा परियोजना के लिए 13460.10 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई। जिसके बाद समय गुजरता गया लेकिन बांध का निर्माण शुरू नहीं हुआ। जिस पर इस योजना को साकार कराने के लिए कई बार पत्राचार किया था। उन्नाव शारदा नहर के अधिशाषी अभियंता ने यह कहते हुये मॉर्जिनल बांध पर विराम लगा दिया था। जिसके बाद बांध नहीं बन सका।

**खेल-खिलाड़ी**

खिलाड़ी बोले, कमरों में बैठे कोच नहीं देते कोई जानकारी, स्टेडियम में उगी है कटीली घास और लगे हैं मिट्टी के ढेर

# बदहाली के आंसू बहा रहा जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


स्पोर्ट्स स्टेडियम में उगी घास। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पंडित दीनदयाल स्पोर्ट्स स्टेडियम सुविधाओं की कमी के चलते अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते स्टेडियम में चारों ओर अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए ट्रैक तक की सुविधा नहीं है। शहर में एक मात्र स्टेडियम होने के कारण खिलाड़ियों को अव्यवस्थाओं के चलते परेशानी झेलनी पड़ रही हैं।

बता दें कि शहर के लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम इन दिनों अव्यवस्थाओं के चलते चर्चा का विषय बना हुआ है। शहर में एकमात्र यही स्टेडियम है। यहां सुबह-शाम कई खिलाड़ी अभ्यास करने आते हैं। लेकिन यहां खिलाड़ियों के लिए कोई सुविधा नहीं है। सुबह वाकिंग व रनिंग करने वाले खिलाड़ियों के लिए ट्रैक तक नहीं है। मैदान में कंटीली घास उगी हुई है। बारिश के दौरान मैदान में पानी भर जाता है। बीते दिनों बारिश बंद होने पर मैदान में उगी घास, फैली गंदगी, मिट्टी के ढेर लगे हुए हैं। साथ ही यहां बनी क्रिकेट पिच भी बदहाल है। वालीबाल खिलाड़ियों को बिना मार्किंग वाली जगह पर नेट लगाकर अभ्यास करना पड़ता है। खिलाड़ियों को सुविधाएं मुहैया कराने के लिए भवन का निर्माण किया गया था। दो दर्जन से अधिक प्रशिक्षुओं में अंश, सौरभ, यश, मोहित, आदित्य, राज व शिवा ने बताया स्टेडियम में गंदगी फैली होने के साथ क्रिकेट के लिए बनी पिच बदहाल है। दर्जनों प्रशिक्षु खिलाड़ी निराश होकर लौट जाते हैं। कोच समय से आते ही नहीं हैं। जो आते हैं वह ऑफिस में कूलर की हवा खाते हैं। इससे वे सभी बिना कोच के प्रशिक्षण के निॉ घर लौट जाते हैं। ऐसे में वे प्रतियोगिताओ की तैयारी नहीं कर पा रहे हैं।

### बोले जिम्मेदार

स्पोर्ट्स स्टेडियम में तैनात स्वीमिंग कोच विकास अवस्थी ने बताया कि स्टाफ की कमी के चलते समस्याएं आ रही हैं। साथ ही स्टेडियम में निर्माण कार्य होने के कारण अव्यवस्थाएं फैली है।

# एसपी का आदेश किया दरकिनार, सिपाहियों की नहीं हो रही रवानगी

**सोहरामऊ।** लंबे समय से एक ही थाने में तैनात सिपाहियों का कुछ दिन पूर्व एसपी ने तबादला किया था। जिसके चलते सोहरामऊ थाना के 15 सिपाहियों का तबादला हुआ था। जिसमें 8 सिपाहियों की रवानगी हो चुकी है। शेष सिपाहियों में कोई अधिकारियों तो कोई सत्ता पक्ष के नेताओं की सिफारिश से ट्रांसफर रुकवाने में लगे हैं। ग्रामीणों में चर्चा है कि आखिर ट्रांसफर होने के बाद भी इन सिपाहियों की रवानगी क्यों नहीं हो रही है। इसे लेकर प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह ने कहा कि यह बात कप्तान साहब हमसे पूछेंगे तो हम उन्हें बता देंगे। वहीं इसे लेकर सीओ संतोष सिंह ने बताया कि मोहर्रम चल रहा है।

## सार-संक्षेप


सामूहिक इस्तीफा देने के लिए बीआरसी औरास पहुंचे शंकुल शिक्षक।

### दो ब्लाक के सभी शंकुल शिक्षकों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

**उन्नाव।** लंबित मांगों को पूरा न किए जाने तक डिजिटल उपस्थित के विरोध में जिले के बाकी बचे दो ब्लाक क्षेत्र के सभी शंकुल शिक्षकों ने अपने पदों से सामूहिक इस्तीफा दे दिया। उन्होंने क्षेत्रीय बीईओ को इस्तीफा सौंपते हुए नए शिक्षकों का चयन कर गैर शैक्षणिक कार्यों की जिम्मेदारी सौंपने को कहा। बांगरमऊ व औरास ब्लाक क्षेत्र के शंकुल शिक्षकों ने मंगलवार को अपने पदों से सामूहिक इस्तीफा दे दिया। बांगरमऊ ब्लाक के शंकुल शिक्षक संदीप वर्मा, जय मंगल, रजनीश व प्रेम सागर समेत 40 शिक्षकों ने सामूहिक इस्तीफा बीईओ को सौंपा। इसमें तय कार्यकाल पूरा होने के बाद अब नए शिक्षकों को यह जिम्मेदारी सौंपने की मांग की गई है। इसी तरह औरास ब्लाक के 50 शंकुल शिक्षकों ने बीआरसी पर एकत्र होकर बीईओ को इस्तीफा दिया। इससे पहले जिले के 16 में अन्य ब्लाक क्षेत्रों के शंकुल शिक्षक सामूहिक इस्तीफा दे चुके हैं। शिक्षक नेताओं का दावा किया है कि अब जिले के सभी शंकुल शिक्षक इस्तीफा दे चुके हैं।

### इस्तीफों से नहीं हुई शंकुल शिक्षकों की मासिक बैठक

**उन्नाव।** शंकुल शिक्षकों के इस्तीफों के बाद ब्लाक मुख्यालयों पर मासिक बैठक नहीं हो सकी। इससे पोर्टल के माध्यम से डीजी स्कूल शिक्षा को डीसीएफ (माह की प्रगति रिपोर्ट) नहीं भेजी जा सकी। डीसीएफ शून्य रहने को आंदोलनकारी शिक्षकों ने शिक्षकों की बड़ी जीत बताया है। उल्लेखनीय है कि शंकुल शिक्षक अपनी-अपनी न्याय पंचायत के विभिन्न विद्यालयों में अलग-अलग गतिविधियां खासकर बैठकें करते रहते हैं। उन्हें पूरे माह की प्रगति अन्य विभागीय अधिकारियों सहित पोर्टल के माध्यम से डीजी स्कूल शिक्षा को उपलब्ध करानी होती है। शिक्षक आंदोलन के चलते सभी ब्लाकों के शंकुल शिक्षक पदों से इस्तीफा दे चुके हैं। इसलिए उन्होंने बैठक का एजेंडा तय होने के बाद भी मासिक मीटिंग में प्रतिभाग नहीं किया। इससे निरंतरता से हर माह भेजी जाने वाली रिपोर्ट (डीसीएफ) को पोर्टल पर अपलोड नहीं किया जा सका। शिक्षक नेता शंकुल शिक्षकों के इस्तीफे के बाद डी

### अधेड़ को जहरीले कीड़े ने काटा, रेफर

**औरास।** थानाक्षेत्र के इनायतपुर बर्रा गांव निवासी यासीन (55) पुत्र पटनू सोमवार शाम आम के बाग की रखवाली कर रहा था। तभी वहां मौजूद रहे जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। हालत बिगड़ती देख परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### प्लग लगाते समय करंट की चपेट में आई युवती

**औरास।** कस्बा औरास के मोहल्ला श्याम नगर निवासी हिमांशी (18) पुत्री सरवन सोमवार सुबह घर में पंखे का प्लग लगाते समय करंट की चपेट आकर झुलस गयी। परिजन आनन-फ़ानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास ले गए। जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद घर भेज दिया।


बालूघाट मोड़ पर वाहनों की चेकिंग करते एआरटीओ प्रवर्तन।

### एआरटीओ प्रवर्तन ने 6 वाहन किये सीज, 30 के काटे चालान

**शुक्लागंज उन्नाव।** मंगलवार को एआरटीओ प्रवर्तन अधिकारी ने फोरलेन पर छापेमारी की। इस दौरान कागज पूरे न होने पर कई वाहनों को सीज किया। वहीं यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के भी चालान काटे गये। एआरटीओ प्रवर्तन अधिकारी प्रथम अरविंद सिंह ने मंगलवार सुबह शुक्लागंज राजधानी मार्ग, बालूघाट मोड़ के अलावा अजगैन व मगरवारा क्षेत्र में भी वाहन चेकिंग अभियान चलाया। सुबह स्कूलों में चल रहे वाहनों को रोककर चेकिंग की गयी। इस दौरान 30 वाहनों में कागजात पूरे न होने पर उनका चालान किया गया। वहीं 6 वाहनों में फिटनेस, बीमा न होने से उन्हें सीज करने की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि मंगलवार को चलाये गये अभियान के दौरान फोरलेन, आजाद मार्ग और हाइवे पर दो स्कूली वैन, दो ओवरलोड वाहन, एक छोटा हाथी व एक वैन की फिटनेस न होने पर उसे सीज किया गया है। इसके साथ ही 30 चालान काटे गये हैं। इसी तरह आगे भी अभियान चलाकर कार्यवाही की जायेगी। अधिकारी की चेकिंग की सूचना पर वाहन सवारों में हड़कंप मच रहा।

### मालगाड़ी की चपेट आने से महिला की मौत

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पर बकरी चरा रही महिला की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। सदर कोतवाली क्षेत्र के कुदूखेड़ा गांव निवासी गुलाबो (40) पत्नी स्व. महादेव मंगलवार सुबह गांव के पास बकरियां चराने गई थी। तभी सुबह 10 बजे वह लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पर करोवन क्रासिंग के पास कानपुर से लखनऊ जा रही मालगाड़ी की चपेट मे आ गई। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। रेलवे व सदर कोतवाली पुलिस पहुंची और शव ट्रैक से हटवाकर रूट क्लियर कराया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के समय दोनों ट्रैक पर ट्रेन थी। इससे वह मालगाड़ी को नहीं देख पाई। 10 साल पहले उसके पति की भी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई थी। उसेक तीन बच्चों में दो बेटे व एक बेटी है। एसएचओ प्रमोद मिश्र ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने महिला की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### राज्य कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**उन्नाव।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के बैनर तले एकत्र होकर राज्य कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए ओपीएस सुविधा बहाल किए जाने की मांग दोहराई। बाद में उन्होंने कलक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारी को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया, जिसमें ओपीएस से कम पर कर्मचारियों के तैयार न होने का दावा किया गया है। पहले से तय कार्यक्रम के तहत राज्य कर्मचारी नारेबाजी करते हुए निराला उद्यान के पास एकत्र हुए। यहां कर्मचारी नेताओं ने अंशदान वाली एनपीएस (न्यू पेंशन स्कीम) की खामियां गिनाईं। कहा जीवन के अधिकांश समय सरकारी सेवा करने वालों को सेवानिवृत्त होने पर सहारा साबित होने वाली ओपीएस से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। उमा निवास वाजपेयी, बाल कृष्ण अवस्थी, शैलेश शुक्ला, विकास मिश्रा, अनिल कनौजिया, अमित सिंह, राघवेंद्र सिंह, अनुपम मिश्रा, गौरीशंकर, रवि रंजन, संदीप भारती, सुनील कुमार, अश्वनी पांडेय, अनिल मिश्रा व लालता सिंह आदि रहे।

### चंदेल गुट की कलम बंद हड़ताल 19 को

**उन्नाव।** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट परिषदीय शिक्षकों के आनलाइन उपस्थित के विरोध में जारी आंदोलन को समर्थन जारी रखेगा। इसके लिए जहां 19 जुलाई को कलम बंद हड़ताल की जाएगी। इस दौरान सभी विद्यालयों के इकाई अध्यक्ष व मंत्री विद्यालय पर उपस्थित रहकर उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर करने के बाद शिक्षण कार्य से विरत रहेंगे। साथ ही इसी दिन विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर ज्ञापन देंगे। एमएलसी राज बहादुर सिंह ने मुख्यमंत्री से शिक्षक समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारियों के बजाए स्वयं कमान संभालने की अपील की है।

### धरना सफल बनाने पर दिया जोर

**उन्नाव।** उन्नाव। उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के नेताओं ने 25 जुलाई को प्रस्तावित धरना सफल बनाने को विभिन्न इंटर कालेजों का भ्रमण किया। इस दौरान संघ के जिलाअध्यक्ष शिवभान सिंह, मंत्री दिनेश कुमार गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कौशल किशोर मिश्रा, कोषाध्यक्ष शैलेश कुमार पाल ने जनता कालेज राजेपुर, जवाहर लाल नेहरू कालेज फतेहपुर चौरासी, सीपीटीएन कालेज ऊगू, ज्वाला देवी इंटर कालेज ऊगू, महात्मा गांधी इंटर कालेज सफीपुर के शिक्षकों से मुलाकात कर उन्हें आंदोलन में शामिल होने को आमंत्रित किया। पदाधिकारियों ने डीआईओएस कार्यालय परिसर में धरना में सभी शिक्षकों को शामिल होने का आह्वान किया है।

# गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु के पार, क्षेत्र में हड़कंप

## जलस्तर बढ़ने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेजी से फैल रहा पानी, जिला प्रशासन बढ़ रहे जलस्तर पर बराबर रखे है नजर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगा का जलस्तर मंगलवार सुबह चेतावनी बिंदु पार कर गया। जिससे तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। वहीं जलस्तर बढ़ने के कारण बाढ़ केन्द्र के ताले भी खुलवा दिये गये हैं। इसके साथ ही अब ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से पानी फैलने लगा है। वहीं जिला प्रशासन बढ़ रहे जलस्तर पर बराबर नजर बनाये हुए हैं।

पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश होने के कारण पश्चिम के बांधों से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे शुक्लागंज की ओर अब गंगा उफनाने लगी हैं। केन्द्रीय जल आयोग ने बताया कि सोमवार शाम पांच बजे गंगा का जलस्तर 111.920 मीटर मापा गया था। जो सुबह करीब आठ बजे चेतावनी बिन्दु 112 मीटर पहुंच गया। दिन ग्यारह बजे चेतावनी बिंदु पार कर 112.010 मीटर पहुंच गया। जो शाम छह बजे तक स्थिर रहा। शुक्लागंज की ओर 113 मीटर खतरे का निशान है। जलस्तर के कारण गोताखोर, शाही नगर, मोम्मद नगर, चंपापुरवा, मनसुख खेड़ा, कर्बला, गगनी खेड़ा हुसैन नगर के सैकड़ों मकानों के आस पास पानी भर गया है। यहां रहने वाले लोग नावों से आवागमन कर रहे हैं।


जलस्तर बढ़ने से चंपापुरवा के निचले इलाकों मे भरा बाढ़ का पानी। अमृत विचार


फतेहपुर चौरासी में बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण करते अधिकारी।। अमृत विचार

### ग्रामीण क्षेत्रों की ओर पानी ने किया रूख

चेतावनी बिंदु पार होने के बाद कटरी के ग्रामीण क्षेत्रों की ओर पानी पहुंचने लगा है। जिससे अब ग्रामीणों को भी बाढ़ का खतरा सताने लगा है। वहीं कई किसानों की सब्जी के खेतों में भी बाढ़ का पानी पहुंचने से उन्हें खासा नुकसान पहुंचा है।

### बैराज से 2.75 लाख क्यूसेक छोड़ा गया पानी

बैराज बांध के पोस्ट रीडर गेज उत्तम पाल ने बताया कि मंगलवार को बैराज बांध से 2,72, 9 77 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसी तरह नरौरा बांध से 25060 क्यूसेक और हरिद्वार से 36180 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिससे जलस्तर में बढ़ोत्तरी अभी जारी रहेगी।

# एसडीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया निरीक्षण

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगा नदी के तेजी से बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन सतर्क हो गया है। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए एसडीएम ने गंगा के निकटवर्ती क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर मतहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बीते कई दिनों से तेजी से बढ़ रहे गंगा के जलस्तर से गंगा के निकटवर्ती क्षेत्र के किसानों की फसलें जलमग्न हो गई हैं। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। साथ ही क्षेत्र के गांव जाजामऊ एहतमाली के मजरा कुशेहार बंगला व सहरिया-सलेमपुर मार्ग के ऊपर से बह रहे गंगा के पानी से इन गांव के ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो गया है।

गंगा के बढ़ते जलस्तर की सूचना पर मंगलवार को बांगरमऊ एसडीएम नम्रता सिंह ने गंगा के निकटवर्ती क्षेत्र के साथ कुशेहर बंगला संपर्क मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। जहां उन्होंने ग्रामीणों से बात की। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि तेजी से बढ़ते जलस्तर से उन लोगों को कोई समस्या होती है तो वह सूचना दें। इस दौरान उन्होंने साथ चल रहे मताहतों से संभावित बाढ़ को देखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# बाढ़ क्षेत्र में एसडीएम ने नाव से बांटी राहत सामग्री

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मंगलवार को गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु पार कर गया। जिसे देखते हुये जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही बाढ़ से घिरे मकानों में रहने वाले लोगों को नाव से जाकर घर-घर राहत सामग्री बांटी।

गंगा का जलस्तर बराबर बढ़ रहा है, जिला प्रशासन बढ़ते जलस्तर पर बराबर नजर बनाये हुये हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को एसडीएम हिमांशु गुप्ता, नायब तहसीलदार परियर पूर्णिमा तिवारी, तहसीलदार अविनाश चौधरी, लेखपाल अशोक सैनी, मुकेश दीक्षित गोताखोर चंपापुरवा पहुंचे।

जहां उन्होंने बाढ़ के हालात देखे। जिसके बाद नाव से गोताखोर तसरीफ, शकील, हलीम के साथ सैय्यद कम्पाउंड, हुसैन नगर, कर्बला, मोहम्मद नगर, ईदगाह कॉलोनी समेत आस पास बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री बांटी। लेखपाल ने बताया कि बढ़ते जलस्तर को देखते हुये ओपीजेडी इंटर कॉलेज, पालिका के रैन बसेरा, पंचायत भवन में बाढ़ राहत के लिये साफ सफाई करा दी गई है। यदि जलस्तर खतरे के निशान तक पहुंचता है तो बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बाढ़ राहत शिविर में विस्थापित किया जायेगा।


बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री देते एसडीएम हिमांशु गुप्ता। अमृत विचार

# रेस्टोरेंट सीज करने पहुंचे अधिकारी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मंगलवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर वापस जा रहे एसडीएम ने नगर के एक रेस्टोरेंट में छापेमारी की। जहां फायर सम्बंधित मानक न पाये जाने पर भवन को सीज करने की चेतावनी दी गई। देर शाम तक संचालक ने कागज दिखाने की बात कही। जिस पर अधिकारी वापस लौट गये।

राजधानी मार्ग स्थित हवेली बैक्वट हाल व रेस्टोरेंट बहुमंजिल इमारत में होने पर मंगलवार को बाढ़ का निरीक्षण कर लौट रहे एसडीएम हिमांशु गुप्ता, तहसीलदार अविनाश चौधरी, नायब तहसीलदार परियर पूर्णिमा तिवारी, फायर सीओ अनूप कुमार, फायर आफीसर शिवराम रूक गये। अधिकारियों को देख रेस्टोरेंट में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रेस्टोरेंट मानकों को ताक पर रखकर बना हुआ है। लगभग पांच मंजिल की इमारत में अग्नि बचाव के संसाधन परखे गये, जो मानक पर खरे नहीं दिखे। इस पर भवन को सीज करने की बात अधिकारियों ने कही। जिस पर रेस्टोरेंट संचालक ने शाम 5 बजे तक मुख्यालय पहुंच कर अभिलेख दिखाने की मोहलत मांगी, जिसपर अधिकारी वापस लौट गये। रेस्टोरेंट संचालक ने बताया कि वह शाम को कागज लेकर मुख्यालय पहुंचे लेकिन उन्हें अलग दिन बुलाया गया है। वहीं अधिकारियों की छापेमारी की सूचना पर नगर के अन्य बहुमंजिला बनी इमारतों में रहने वाले और संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।


रेस्टोरेंट में जांच करते एसडीएम व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

- **शाम तक फायर सम्बंधित दस्तावजे दिखाने की संचालक ने कही बात**

# एसपी पहुंचे आसीवन थाना फोर्स के साथ की पैदल गश्त

संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने मंगलवार शाम आसीवन थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीसीटीएनएस, महिला, साइबर हेल्पडेस्क व भोजनालय का निरीक्षण किया। इसके साथ उन्होंने अभिलेखों की जांच कर लंबित विवेचनाओं की जानकारी ली और उन्हें जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश भी दिये। इसके साथ ही एसपी ने मोहर्रम को लेकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र मियागंज कस्बा में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। साथ ही लोगों से कहा कि सभी लोग सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं और कोई असुविधा होने और किसी प्रकार की आपराधिक गतिविधि होने पर पुलिस को सूचना तत्काल दें।


आसीवन थाना का निरीक्षण करते एसपी। अमृत विचार

# एसवीएम गोपीनाथपुरम में शुरू की गई 4 दिवसीय प्रश्न पत्र निर्माणशाला

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में चार दिवसीय प्रशनत्र निर्माण शाला का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। जहां क्षेत्रीय संगठन मंत्री के अलावा प्रभाग के पदाधिकारी पहुंचे।

चार दिवसीय प्रश्नपत्र निर्माण शाला के दौरान क्षेत्रीय संगठन मंत्री (पूर्वी उ.प्र.) हेमचन्द्र एवं प्रदेश निरीक्षक अवधप्रांत राम सिंह समेत अन्य प्रभाग से आये लोग मौजूद रहे। प्रश्नप्रत्र बनाने में परीक्षा प्रमुख अवधेश मिश्रा, रामसागर तिवारी, राम निवास सिंह, मंगली प्रसाद, राजेश त्रिवेदी, इन्द्रेश शर्मा, रमेश अवस्थी विषयगत प्रश्नपत्र तैयार करने में शामिल रहेंगे, जो जानात्मक, बौद्धात्मक, कौशलात्मक, प्रयोगात्मक नियमों को ध्यान रखकर प्रश्नों का निर्माण करेंगे। कार्यशाला शुभारम्भ में प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह, प्रबंधक राकेश कुमार सिंह समेत स्कूल शिक्षक मौजूद रहे। विद्या भारती के संचालित विभिन्न विद्यालयों के एक्सपर्ट शिक्षक कार्यशाला में प्रश्नपत्र बनाकर उनको हल कराने के लिए बुलाये गये हैं।



गोपीनाथपुरम स्थित एसवीएम में होती निर्माणशाला। अमृत विचार


गोपीनाथपुरम में पालिका द्वारा होती साफ सफाई। अमृत विचार

# वार्ड 16 में संचारी रोग नियंत्रण को लेकर चला अभियान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर एक माह तक संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये मंगलवार को पालिकाध्यक्ष और ईओ के निर्देश पर सफाई कर्मी वार्ड 16 में पहुंचे। जहां वृहद स्तर पर साफ सफाई की।

पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार को पालिका के सफाई कर्मी वार्ड 16 गोपीनाथ पुरम पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने वार्ड की सभी गलियों में झाडू लगाने के साथ ही नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव कराया। इसके साथ ही नाला-नालियों की साफ सफाई की गई। जिसके बाद पालिका कर्मियों ने सिल्ट हटाई गई। ईओ ने बताया कि इसी तरह 31 जुलाई तक नगर के सभी वार्डों में साफ सफाई कराई जायेगी।

# स्वास्थ्य कर्मियों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में शुरू किया दवा वितरण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** चंपापुरवा के निचले इलाकों में कई दिनों से बाढ़ का पानी भरा हुआ है। जिससे संक्रामक बीमारियां फैल सकती हैं। जिसे देखते हुये मंगलवार को सीएमओ के निर्देश पर पीएचसी के स्वास्थ्य कर्मी पहुंचे और दवाइयां बांटी।

बाढ़ को देखते हुये जिलाधिकारी के निर्देश पर सीएमओ ने मंगलवार को चंपापुरवा के निचले इलाकों मे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज की महिला चिकित्सक डा. रश्मि वर्मा, स्वास्थ्य कर्मी सिद्धार्थ बाजपेयी, अखिलेश के साथ गोताखोर व चंपापुरवा के निचले इलाके वाले बाढ़ क्षेत्र में पहुंची। जहां नाव के सहारे लगभग पच्चीस परिवारों को बुखार, चर्म, पेट दर्द, कीड़ा आदि बीमारी से बचाव के लिए दवाएं दी। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ रवि प्रकाश सचान ने बताया कि इसी तरह अब बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दवाइयां बांटी जायेंगी।


बाढ़ पीड़ितों को दवाइयां देते स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

# कमरे का ताला तोड़ रहे युवक को पकड़ा

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मिश्रा कॉलोनी मोहल्ले में एक युवक कमरे का ताला तोड़ रहा था। आहट होने पर उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और उसकी पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप लिया।

मिश्रा कॉलोनी निवासी सुनील वर्मा ने बताया कि रात लगभग दो बजे एक युवक कमरे का ताला तोड़ रहा था, आहट होने पर उन्होंने शोर मचाया। जिस पर वह भागने लगा। उसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया। पकड़ा गया युवक गोताखोर का रहने वाला था। जिस पर उसकी पिटाई कर दी और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। वहीं सुनील ने बताया कि पूर्व में भी पकड़े गये युवक ने उनके यहां चोरी की थी। जिसकी शिकायत पुलिस से की थी।

## सार-संक्षेप

### औद्योगिक क्षेत्रों में हो 70 फीसदी वनाच्छादन

**उन्नाव।** जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण की समस्या अधिक होने से न्यूनतम 70 फीसदी वनाच्छादन होना चाहिए। जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में करीब तीन सैकड़ा से अधिक छोटी-बड़ी उद्योगिक इकाइयां संचालित हैं, जिनमें लगभग 50 टेनरियां हैं। इसलिए औद्योगिक इकाई प्रबंधनों के माध्यम से मानक के मुताबिक पौधरोपण कराया जाए। उन्होंने प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी को औद्योगिक क्षेत्रों में पौधरोपण कराने की जिम्मेदारी सौंपी।

### 108वीं रैंक लाकर विप्लवी बनीं असिस्टेंट कमिश्नर

**फतेहपुर।** दोआबा की एक बेटी ने असिस्टेंट कमिश्नर प्रोविडेंट फंड की परीक्षा में उत्तीर्ण होकर जिला और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। बेटी की इस सफलता पर गांव में जश्न का माहौल है और परिवार के लोगों को बधाई देने वाले लोगों की भीड़ लगी रही। ललौली थाना क्षेत्र के कीर्ति खेड़ा गांव के रहने वाले अतुल सिंह चौहान की बेटी विप्लवी सिंह चौहान ने असिस्टेंट कमिश्नर प्रोविडेंट फंड की परीक्षा उत्तीर्ण की है। विप्लवी ने 108वीं रैंक हासिल की है, जिससे पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है। विप्लवी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और सगे संबंधियों को दिया है। उनकी इस उपलब्धि ने न सिर्फ उनके परिवार को गर्वित किया है, बल्कि अन्य लड़कियों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनी हैं। उनकी इस सफलता के बाद पूरे जिले में जश्न का माहौल है और हर कोई उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहा है। विप्लवी सिंह के पिता अतुल सिंह चौहान ने बेटी के इस सफलता पर कहा कि मुझे अपनी बेटी पर गर्व है कि उसने एक गांव से निकलकर मुकाम को हासिल किया है।


विप्लवी सिंह चौहान

### ट्रक की चपेट में आकर पुत्र की मौत, मां गंभीर

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के पूर्वी बाईपास ओवर ब्रिज के पास दोपहर में ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर मौत हो गई, वहीं उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे परिजन जिला अस्पताल से झांसी के लिए रेफर करवा लिया। झांसी जनपद के थाना समथर के गांव लोहारी निवासी राजू का पुत्र सुनील अपनी मां भारती के साथ बाइक से झांसी से जौनपुर मुगरा जा रहे थे। बताते हैं कि पूरा परिवार वहां रहकर पानी के बताशे बेंचने का काम करते थे। बाइक जैसे ही खागा कोतवाली के बाईपास ओवर ब्रिज के पास पहुंची तभी ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे पुत्र की मौके पर मौत हो गई। वहीं मां गंभीर रूप से घायल हो गई। एंबुलेंस से महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां परिजनों ने उपचार के बाद महिला को झांसी के लिए रेफर करवा लिया।

### पूर्व प्रधान ने युवक को पीटा

**फतेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के सिकन्दरपुर गांव में रात को गांव के बृजकिशोर को पूर्व प्रधान अरविन्द सिंह सहित अजय राज सिंह, लल्ली, पप्पू, प्रताप सिंह ने घर से बाहर ले जाकर जमकर पीट दिया। बुरी तरह पीटने से युवक को गंभीर चोटे आयी है। पीड़ित बृजकिशोर ने थाने में लिखित शिकायत करके क़ानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। पीड़ित बृजकिशोर उर्फ कुंदन ने बताया कि देर रात पूर्व प्रधान अरविन्द सिंह उसके घर आए और लाइट जोड़ने के लिए जबरन खम्भे में चढ़ाने लगे। विरोध करने पर मारने लगे। जान बचाकर भागते हुए आवाज लगाई तो गांव के ही निवासी रिंकू सिंह पुत्र चंद्रपाल, दीपक सिंह पुत्र राजपाल ने बीच बचाव कर बचाया। पीड़ित युवक की गंभीर चोटे देखकर पुलिस ने उसे मेडिकल के लिए भेजा है। मामले को लेकर चांदपुर थाना प्रभारी बच्चेलाल ने बताया कि खम्भे से लाइट जोड़ने को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है जांच की जा रही है। दोषी पाये जाने पर आरोपियों के खिलाफ क़ानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### अब 'सहयोग' से मिलेंगी ट्रेनों की सभी जानकारी

**फतेहपुर।** रेलवे पूछताछ केंद्र को निजी हाथों में दिए जाने के बाद अब रेलवे के कर्मचारी इस काउंटर से नहीं बल्कि निजी कर्मचारी 'सहयोग' से अब यात्रियों को ट्रेनों की लोकेशन आदि की जानकारी देंगे। वहीं इस काउंटर से होने वाले अन्य कामों को भी निजी कर्मचारियों द्वारा ही किया जाएगा। यात्रियों को ट्रेनों के आने जाने के जानकारी दिए जाने के लिए रेलवे पूछताछ केंद्र में कर्मचारियों की नियुक्ति की थी।

**कानपुर-लखनऊ रेल रूट** | पटरी टेढ़ी होने की जानकारी पेट्रोलिंग कर रहे गैंगमैन ने रेल पथ विभाग को दी

# पटरी टेढ़ी होने पर रोकी मालगाड़ी, ब्लॉक लिया

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मंगलवार को रेलवे पुल के डाउन लाइन पर गर्मी के कारण पटरी टेढ़ी हो गई। जिसकी जानकारी पेट्रोलिंग कर रहे गैंगमैन ने रेल पथ विभाग को दी। जिसके बाद डेढ़ घंटे का ब्लॉक लेकर आनन फानन पटरी को बदला गया। इस दौरान मालगाड़ी को रोका गया। ब्लॉक समाप्त होने के बाद संचालन शुरू हो सका।

कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थित रेलवे पुल के डाउन लाइन पर मंगलवार को रेलवे पटरी टेढ़ी हो गई। इस दौरान वहां पेट्रोलिंग कर रहे गैंगमैन की नजर पड़ी। उसने रेल पथ विभाग को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे रेल पथ विभाग ने कंट्रोल से ब्लॉक मांगा। जिस पर दोपहर एक बजे से ढाई बजे के बीच डेढ़ घंटे का ब्लॉक मिला। ब्लॉक मिलने के दौरान रेल कर्मियों ने टेढ़ी पटरी को काट कर अलग किया। उसके स्थान पर दूसरी नई पटरी लगाई और वैल्डिंग का कार्य किया। वहीं पटरी टेढ़ी होने के कारण मालगाड़ी 1.20 मिनट ब्रिज पर ही खड़ी रही, इसके अलावा अन्य ट्रेनें भी जहां-तहां रोकी गईं। ब्लॉक समाप्त होने के बाद रेल संचालन शुरू हो सका।


रेलवे पुल पर पटरी बदलने का काम करते रेल कर्मी। अमृत विचार

- **रेल कर्मियों ने टेढ़ी पटरी को काट कर अलग किया**

### यह ट्रेनें हुई प्रभावित

पटरी टेढ़ी होने से अप और डाउन लाइन की नीलांचल, पनवेल, ग्वालियर बरौनी, रायबरेली पैसेंजर, बालामऊ पैसेंजर, प्रतापगढ़ इंटरसिटी, उत्सर्ग आदि ट्रेनें प्रभावित रही। ब्लॉक समाप्त होने के बाद ट्रेनों का संचालन शुरू हो सका।

# पत्नी ने भाइयों को बुलाकर पति और देवर को पिटवाया

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव में रहने वाली एक महिला ने मंगलवार को मायके से अपने तीन भाइयों को बुला लिया। जहां आरोप है कि लाठी डंडों और लोहे की राड से मारा पीटा। जिससे पति और देवर को चोटें आई। वहीं दूसरे पक्ष से भी दो लोग घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिये भेजा है।

पिपरी गांव निवासी शिव प्रकाश मिश्रा ने गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसका बेटा विनय कुछ सालों से बीमार है और उसकी पत्नी आये दिन उससे झगड़ा करती रहती है। कई बार उसे समझा बुझाया गया लेकिन वह बराबर झगड़ती चली आ रही है। 10 जुलाई को भी उसने भाइयों को बुलाया था। जहां उन्होंने धमकी दी। आरोप है कि मंगलवार को बहू ने अपने मायके फोन किया। जिस पर उसके तीन भाई अपने साथियों के साथ लाठी डंडा और लोहे की राड लेकर पहुंचे। जहां विनय को पीटने लगे। मारपीट के दौरान बचाव करने आये छोटे बेटे विवेक को भी पीट कर घायल कर दिया। वहीं पुलिस ने बताया कि दूसरे पक्ष से भी दो लोग घायल हैं। घायलों का सरकारी अस्पताल में इलाज कराया गया है। दोनों पक्षों की तहरीर आने के बाद मामला दर्ज किया जायेगा।


मारपीट में घायल विनय और विवेक।

# 18 लोगों की जान लेने वाली बस किसान के नाम!

## 10 जुलाई को हुए उन्नाव हादसे की जांच में चौंकाने वाला खुलासा ● महोबा के किसान के नाम पर पंजीकृत मिलीं 35 लग्जरी बसें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार।** उन्नाव सड़क हादसे में 18 लोगों की जान लेने वाली डबल डेकर बस एक गरीब किसान के नाम पंजीकृत है। हादसे के बाद डग्गामार वाहनों के खिलाफ शुरू हुई जांच में मंगलवार को यह खुलासा हुआ है। जांच में पता चला है कि महोबा निवासी इस किसान के नाम पर ऐसी 35 लग्जरी बसें पंजीकृत हैं, जिनकी कीमत करोड़ों रुपये हैं। परिवहन विभाग की जांच में पता चला कि किसान के दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल करके बसों का पंजीकरण कराया गया है। असली बस मालिक का पता लगाया जा रहा है।

परिवहन आयुक्त चन्द्रभूषण के मुताबिक हादसे की जांच में सामने आया कि महोबा जिले के मवई गांव निवासी किसान पुष्पेंद्र सिंह के नाम से पंजीकृत बस से दुर्घटना हुई थी। किसान के बारे में पड़ताल करने पर पता चला कि उसकी वार्षिक आय महज दो लाख रुपये है। जबकि उसके नाम से ऐसी ही 35 बसें पंजीकृत हैं। परिवहन विभाग महोबा की प्रवर्तन टीम ने किसान पुष्पेंद्र सिंह से पूछताछ की। उसने बताया कि जोधपुर के करण चंद जैन की केसी जैन ट्रैवेल्स में नौकरी के लिए कई दस्तावेज जमा किए थे। इनका दस्तावेजों का दुरुपयोग करके उसके नाम से बसों का पंजीकरण कराया गया है। सड़क परिवहन प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि केसी ट्रैवेल्स ने वर्ष 2019 से 2021 के बीच 79 बसों का पंजीकरण कराया है। इनमें से 68 बसें महोबा के पते पर दर्ज हैं। इन्हीं में से 35 बस पुष्पेंद्र के नाम पर चल रही हैं।

### कोरोना काल में नौकरी गई, लेकिन बसें उसके नाम हो गईं

किसान पुष्पेंद्र ने बताया कि कोराना काल में लॉकडाउन के दौरान उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। कुछ समय बाद उसे पता चला कि उससे जमा कराए गए दस्तावेजों का गलत उपयोग करके बसें उसके नाम करा दी गई हैं। उसने बताया कि केसी ट्रैवेल्स का संचालन दिल्ली निवासी सोहन नाम का व्यक्ति करता है। कार्यालय जोधपुर में कोहिनूर सिनेमा के एनके टावर में है। परिवहन विभाग ट्रैवेल एजेंसी की बाकी बसों का पता लगाने के साथ मालिक पर कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

> इस मामले में ट्रैवल एजेंसी को नोटिस भेजा गया है। बसों का रजिस्ट्रेशन रद्द कराकर ट्रैवल एजेंसी व बस मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।
>
> –चन्द्र भूषण सिंह, परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश।

# ओवरलोड बसें चलती मिलें तो दर्ज कराएं मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अनफिट व ओवरलोड वाहनों पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने दिखाई सख्ती
- जीरो प्वाइंट पर ही ओवर लोडिंग रोकने की कार्रवाई करने को कहा

**अमृत विचार :** ओवरलोड व अनफिट बसों के संचालन को लेकर परिवहन मंत्री ने अब सख्ती शुरू कर दी है। मंत्री ने परिवहन विभाग के संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी दशा में कॉमर्शियल, अनफिट व ओवरलोड बसों का सड़कों पर संचालन नहीं होना चाहिए। ऐसे वाहनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराएं। अधिकारी जीरो प्वाइंट पर ही ओवरलोडिंग रोकने को लेकर कार्रवाई सुनिश्चित करें। अगर इन वाहनों के संचालन की शिकायतें मिलीं तो संबंधित प्रवर्तन अधिकारी ही दोषी होंगे ।

परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दया शंकर सिंह ने मंगलवार को योजना भवन में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, खनन, परिवहन विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ओवरलोडिंग, अवैध वाहन संचालन, सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर समीक्षा बैठक की। इस दौरान मंत्री ने कहा, अवैध, अनफिट वाहनों के संचालन को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने कड़े निर्देश दिए हैं। कोई भी अनफिट वाहन नहीं चलना चाहिए। सभी विभाग मिलकर इन वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। प्रायः ऐसा देखा गया है कि बिना एचएसआरपी नम्बर प्लेट या गलत नम्बर प्लेट लगाकर, नम्बर प्लेट को छुपाकर, वाहनों की बॉडी हाइट अवैध रूप से बढ़ाकर वाहन का संचालन किया जा रहा है। इससे राजस्व हानि के साथ चालान की नोटिस सही व्यक्ति तक न पहुंचकर किसी अन्य वाहन स्वामी के पते पर पहुंच जाती है। ऐसे लोगों के खिलाफ फर्जीवाड़े के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई जाए। उन्होंने खनन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जीरो प्वाइंट (खनन स्थल गेट) पर ही ओवरलोडिंग रोकने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। मनमानी करने वाले ट्रांसपोर्टरों के खिलाफ शासन की मंशानुरूप कार्रवाई की जाए। ओवरलोड, अनफिट वाहन जितने जनपदों से गुजरेंगे वहां के प्रवर्तन टीम के अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। ओवरलोडिंग को रोकने में पुलिस विभाग भी कड़ाई करें। प्रवर्तन टीम अनफिट स्कूली वाहनों को नोटिस जारी करें। अनफिट वाहन मिलने पर तत्काल उसे सीज करें और वाहन स्वामी के विरुद्ध कार्रवाई करें। बच्चों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू, परिवहन आयुक्त चन्द्र भूषण सिंह, प्रबंध निदेशक परिवहन निगम मासूम अली सरवर, विशेष सचिव परिवहन ए के सिंह, अपर परिवहन आयुक्त प्रशासन चित्रकला सिंह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



नैनीताल में नृत्य कर खुशी मनातीं तिब्बती समुदाय की महिलाएं। अमृत विचार

# जो बाइडेन के साइन करने से तिब्बती समुदाय में हर्ष

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा तिब्बत-चीन विवाद अधिनियम के समाधान को बढ़ावा (सुलझाने) देने के कानून पर 12 जुलाई को हस्ताक्षर करने का नैनीताल में तिब्बती समुदाय ने स्वागत किया है। इसको लेकर तिब्बती समुदाय के लोगों ने मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाई।

जानकारी देते हुए तिब्बती समुदाय के यशी थूप्पेन ने बताया कि 2002 के तिब्बती नीति अधिनियम में और संशोधनों के माध्यम से अमेरिका की तिब्बत नीति को मजबूत करता है और इसका उद्देश्य समाधान की सुविधा प्रदान करना है। तिब्बत और चीन के बीच लंबे समय से संघर्ष चल रहा है। इस पर भी विराम लगेगा। 2002 की इस नीति को रिज़ॉल्व तिब्बत अधिनियम के रूप में जाना जाता है। जिसके तहत पीआरसी सरकार और दलाई लामा, उनके प्रतिनिधियों या तिब्बती समुदाय के लोकतांत्रिक रूप से चुने गए नेताओं के बीच बिना किसी पूर्व शर्त के ठोस बातचीत को बढ़ावा देने या बातचीत की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए गतिविधियों का पता लगाने का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिका के इस फैसले से तिब्बत पर समझौता वार्ता के साथ ही तिब्बत के संबंध में बातचीत के जरिए समाधान करने के लिए अन्य देशों का भी सहयोग मिलेगा।

# रसोईघर की दीवार तोड़कर ताजिया ले जाने पर अड़े

संवाददाता, भदैंया, सुलतानपुर

- पुलिस व राजस्व टीम मौके पर पहुंच कर समझाने में जुटीं

**अमृत विचारः** कोतवाली देहात के उतुरी के पास स्थित उदयपुर गांव में मोहर्रम के ताजिए को ले जाने को लेकर फिर विवाद सामने आ गया है। परंपरा की बात करते हुए ताजिएदार पुराने रास्ते से ही ताजिया ले जाने पर अड़े है। जिसके चलते जयशंकर चौरसिया के दरवाजे के बाहर से ताजिया जाता है। अब नया रास्ता बनने से वहां पर जयशंकर के घर की रसोईघर बन गया है। ताजियादार पुराने रास्ते व परंपरा का हवाला देकर रसोईघर की दीवार तोड़कर ताजिया जुलूस ले जाने पर अड़े है।

इसको लेकर दोनों पक्ष आमने सामने है मामले में थानेदार सहित सीओ व राजस्व टीम मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर चुकी है। अब रसोईघर के बगल से खड़ंजा मार्ग बनाया गया है। दूसरे पक्ष का कहना है कि रास्ता होने के बाद भी रसोई घर की दीवार तोड़कर ताजिया ले जाना गलत है।

वहीं, प्रशासन इस मामले में चुप है। मौके पर विवाद न हो इसके लिए राजस्व व पुलिस को नजर बनाए रखने का निर्देश दिया है। सोमवार को तजियादार डीएम से लेकर उच्चाधिकारियों से फरियाद कर पुराने रास्ते से ताजिया ले जाने की गुहार किया है। बुधवार को मोहर्रम है। अभी तक मामले का निराकरण नहीं हो सका है।

# महिलाओं को संस्थागत डिलीवरी के लिए करें जागरूक : आनंदीबेन



**लखनऊ।** राज्यपा आनंदीबेन पटेल ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को शत-प्रतिशत संस्थागत डिलीवरी के लिए जागरूक कियाजाय। आपदा की स्थिति में रेड क्रॉस सोसायटी को प्रभावित गांवों तक अग्रिम सहायता व आवश्यक राशन सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराना चाहिए, ताकि आपदा पीड़ितों तक ससमय सहायता पहुंच सके। शिविरों में ज्यादा से ज्यादा यूनिट रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित कर जागरूकता का प्रसार किया जाय। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों में रक्तदान के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाय।

# तौकीर को नहीं मिली सामूहिक धर्म परिवर्तन की अनुमति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को 23 हिंदू युवाओं का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराने की अनुमति नहीं मिल पाई। पुलिस की ओर से कानून-व्यवस्था खराब होने और निकाह करने वालों को जान का खतरा होने के बाद प्रशासन ने आईएमसी के आवेदन को खारिज कर दिया है।

मौलाना तौकीर रजा खां ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में 23 ऐसे हिंदू युवाओं का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराने का एलान किया था जो पहले से मुसलमान युवक-युवतियों के साथ लिव इन संबंधों में रह रहे हैं। तौकीर ने दावा किया था कि इनमें आठ लड़के और 15 लड़कियां हैं, इन सभी ने इस्लाम कुबूल कर मुस्लिम साथियों से निकाह कराने के लिए आईएमसी को आवेदन भेजे हैं। आईएमसी ने पहले चरण में 21 जुलाई को पांच जोड़ों का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराने की अनुमति के लिए आवेदन किया था जिसे पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर मंगलवार को प्रशासन ने खारिज कर दिया।

### पुलिस की चेतावनी के चलते तौकीर ने बदला फैसला

मौलाना तौकीर की ओर से पांच दिन पहले सामूहिक धर्म परिवर्तन और निकाह की अनुमति मांगी गई थी। सोमवार को इसके सार्वजनिक एलान के बाद मंगलवार को पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अफसरों ने इस मुद्दे पर बैठक कर रणनीति तय की। मंगलवार को ही क्षेत्राधिकारी प्रथम पंकज श्रीवास्तव को तौकीर से बात करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि तौकीर के साथ लंबी वार्ता हुई। उन्हें बताया गया कि अगर शहर का कानून व्यवस्था बिगड़ी तो पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। उन्हें अनुमति देने से भी साफ इन्कार कर दिया गया। यह भी कहा गया कि अगर वह इस तरह की अनुमति कोई भी उदाहरण बता दें तो उन्हें भी अनुमति दे दी जाएगी। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि इससे पहले तौकीर की पार्टी के लोगों के साथ भी बैठक की गई थी। तौकीर ने आयोजन स्थगित कर दिया है। उधर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने कहा कि बिना अनुमति कोई आयोजन नहीं होने दिया जाएगा। किसी हाल में माहौल खराब नहीं करने दिया जाएगा। कोई कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करेगा तो पुलिस पूरी ताकत से उसके साथ निपटेगी।

- पुलिस ने जताई कानून-व्यवस्था बिगड़ने के साथ निकाह करने वालों को जान के खतरे की आशंका

> बिना अनुमति इस तरह का कोई आयोजन नहीं होने दिया जाएगा। कोई कानून-व्यवस्था खराब करने की कोशिश करेगा तो उसके साथ सख्ती से निपटा जाएगा।
>
> – अनुराग आर्य, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

# हिंदू संगठनों ने कलेक्ट्रेट गेट पर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली


**अमृत विचार :** मौलाना तौकीर रजा खां के एलान से हिंदूवादी संगठनों में उबाल आ गया। भारतीय बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, पंजाबी सेवा संगठन और नाथ नगरी सुरक्षा समिति समेत तमाम संगठनों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट गेट पर मौलाना तौकीर के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन दिए ।

भारतीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने प्रशासन को दिए ज्ञापन में कहा है कि आईएमसी प्रमुख का हिन्दू लड़के-लड़कियों का धर्म परिवर्तन कराकर सामूहिक निकाह कराने का बयान सोशल मीडिया पर वायरल है। इस तरह की गतिविधियों की अनदेखी सांप्रदायिक विवादों की अनुमति देने जैसा होगा।

पंजाबी सेवा संगठन के संजीव साहनी, संदीप बाधवा समेत तमाम लोगों ने भी जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा कि हिंदू समाज में विभिन्न जाति संगठन अलग-अलग सामूहिक विवाह करते हैं। इनमें कोई धर्म परिवर्तन नहीं कराया जाता। श्री शिरडी सांई मंदिर के महंत पंडित सुशील पाठक ने मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा कि मौलाना तौकीर कई आपराधिक मुकदमों में नामजद हैं।

# भाजपा विधायक ने किया ट्वीट बिना रिश्वत दिए नहीं होता है काम

संवाददाता, हरदोई


Shyam Prakash
कोई जन प्रतिनिधि अधिकारियो से क्यों पंगा ले ❓ bjp कार्यकर्ताओ का भी कोई काम बिना रिश्वत दिये न हुआ है न होगा ॥ मोदी जी ईमानदार किन्तु अडानी, अम्बानी लूट रहे, ❓ योगी जी ईमानदार किन्तु अधिकारी लूट रहे ❓ जनता सब देख और समझ रही है, जवाब दिया है, आगे भी दे देगी ❓❓

फेसबुक पर डाली गई भाजपा विधायक की पोस्ट। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भाजपा विधायक श्याम प्रकाश ने सोशल मीडिया के ज़रिए फिर एक बार अपनी बेबाक बात लिख कर पार्टी में हलचल पैदा कर दी। फेसबुक पर जो कमेंट किया है, उसमें दिल्ली पर निशाना साधते हुए लिखा है कि मोदी ईमानदार हैं, अडानी-अंबानी लूट रहे हैं।

उसके आगे लखनऊ के बारे में लिखा कि मुख्यमंत्री ईमानदार हैं, लेकिन अधिकारी लूट रहे हैं। आगे लिखा है कि जनता सब देख और समझ रही है, जवाब दिया है और आगे भी दे देगी। चर्चा है कि भाजपा विधायक ने जवाब देने वाली बात लोकसभा चुनाव के आने वाले नतीजों पर लिखी है। फिलहाल भाजपा विधायक के इस तरह का कमेंट पार्टी नेतृत्व को सोचने के लिए मजबूर कर रहा है।

भाजपा विधायक श्याम प्रकाश अपनी बेबाक बयानबाज़ी को ले कर जाने जाते हैं। सोशल मीडिया पर उनके कमेंट ने पार्टी में हलचल मचा रखी है। उन्होंने लिखा है कि 'कोई जन प्रतिनिधि अधिकारियों से क्यों पंगा ले, पार्टी कार्यकर्ताओं के बारे में लिखा कि 'भाजपा कार्यकर्ताओं का भी कोई काम बिना रिश्वत दिए न हुआ है न होगा। आगे उन्होंने लिखा है कि 'जनता सब देख और समझ रही है, जवाब दिया है, आगे भी दे देगी। उनके इस कमेंट के बारे में कोई कुछ बोल नहीं रहा है।

# केशव प्रसाद ने जेपी नड्डा से की मुलाकात

**लखनऊ।** मंगलवार की रात उत्तर प्रदेश के राजनीतिक गलियारे में उस वक्त सरगर्मी तेज हो गई जबकि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने की खबर यहां पहुंची। बीती रविवार को ही लखनऊ में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में केशव मौर्य राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले थे। एक दिन बाद ही मंगलवार की शाम नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय उनकी फिर मुलाकात हुई है। केशव 48 घंटे के अंतराल में नड्डा से दूसरी बार मिले हैं। इससे यहां कयासबाजी शुरू हो गई। दरअसल, कार्यसमिति वाले दिन केशव प्रसाद ने भाजपा कार्यकर्ताओं को उत्साहित करने के लिए संगठन सरकार से बड़ा होता है, वाला बयान दिया था। हालांकि केशव के सूत्रों के मुताबिक यह मुलाकात पूर्व निर्धारित थी।

# रंगदारी वसूलने आया लॉरेंस गैंग का गुर्गा गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- स्लीपर सेल की तरह काम करने वाले स्थानीय गुर्गे को भी पुलिस ने दबोचा
- व्हाट्सएप कॉल कर दी थी अंकुर अग्रवाल को जान से मारने की धमकी

**अमृत विचार :** शहर के प्रतिष्ठित ज्वैलर्स अंकुर अग्रवाल से रंगदारी वसूलने आया लॉरेंस विश्नोई गैंग का गुर्गा पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने गैंग के एक स्थानीय गुर्गे को भी पकड़ा है, जो गैंग के लिए स्लीपर सेल की तरह काम करता था। इसी ने ज्वलैर्स अंकुर की रेकी कर जानकारी पंजाब व दिल्ली में बैठे गैंग के अन्य साथियों तक पहुंचाई।

मंगलवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि बीती 3 जुलाई को सुरेश संस ज्वैलर्स के स्वामी अंकुर अग्रवाल को उनके व्हाट्सएप पर लॉरेन्स विश्नोई गैंग के सदस्य ने फोन किया। उसने उन्हें धमकाया और खुद को सिद्धू मूसेवाला का हत्यारा अंकित सिरसा बताते हुए एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी। कहा कि अगर रकम नहीं मिली तो उसे भी गोली मार दी जाएगी। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर शातिर की तलाश शुरू की गई। जिस व्हाट्सएप नम्बर से धमकी आई, उसका डेटा निकाला तो दिल्ली और पंजाब की लोकेशन मिली। टीमों को दिल्ली व पंजाब रवाना कर दिया गया। पंजाब पहुंचने पर टीपीनगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट की टीम को पता लगा कि जिस नंबर से धमकी आई थी वह नंबर पंजाब की किसी महिला का है। पुलिस ने तुरंत व्हाट्सएप कंपनी से उस फोन की जानकारी मांगी, जिस पर व्हाट्सएप नंबर चल रहा था। उक्त नम्बर की तलाश की गई तो नम्बर किसी सोनू कुमार का पाया गया। पता लगा कि सोनू लॉरेंस विश्नोई गैंग का सक्रिय सदस्य है ।



पकड़े गए आरोपी। अमृत विचार

पुलिस ने डेरा बस्ती पंजाब में सोनू के घर दबिश दी तो सामने आया कि पंजाब पुलिस उसे पहले ही तीन पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर चुकी है। एसआई दीपक बिष्ट ने सोनू से पूछताछ की। जिसमें रामापार्क उत्तमनगर नई दिल्ली, मूल निवासी सुवालालकापुरा मुरैना मध्य प्रदेश के देवेन्द्र जाटव उर्फ रॉकी और हल्द्वानी के नागेन्द्र चौहान का नाम सामने आया।

इधर, सोनू की गिरफ्तारी की वजह से रॉकी और नागेन्द्र का सोनू से संपर्क नहीं हो पाया तो रॉकी व नागेंद्र ने प्लान बदल दिया। रंगदारी वसूलने रॉकी हल्द्वानी निकल पड़ा। उसे नागेन्द्र से मिलना था तभी पुलिस को इसकी भनक लग गई। पुलिस ने 15 जुलाई की रात रॉकी को टांडा जंगल के पास से गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद तल्ला गोरखपुर हीरानगर निवासी नागेंद्र सिंह चौहान पुत्र स्व. राजेंद्र सिंह चौहान को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में एसएसआई महेन्द्र प्रसाद, टीपीनगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट, मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी दिनेश चन्द्र जोशी, एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़, भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी देवेन्द्र सिंह राणा, हेड कांस्टेबल ललित श्रीवास्तव, कांस्टेबल चन्दन, राजेश बिष्ट, अरविंद, नरेन्द्र धामी, अनिल टम्टा व धीरेन्द्र सिंह अधिकारी थे।

धर्म- अध्यात्म

## जागेश्वर में मुख्यमंत्री धामी ने श्रावणी मेले का किया उद्घाटन, जागेश्वर में मंगलवार को मुख्यमंत्री धामी ने मुख्य मंदिर में पूजा अर्चना की

# जागेश्वर धाम में श्रावणी मेले का हुआ रंगारंग आगाज

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में श्रावणी मेले का मंगलवार को हरेला पर्व पर रंगारंग आगाज हुआ। एक माह तक चलने वाले मेले का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा और स्थानीय विधायक मोहन सिंह महरा ने किया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया।



पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते मुख्यमंत्री धामी व अन्य।

मंगलवार को श्रावणी मेले को लेकर प्रशासन और मंदिर समिति ने पुख्ता व्यवस्था की थी। सुबह विधिवत पूजा अर्चना के बाद मेले का शुभारंभ हुआ। इस दौरान मेले के उद्घाटन मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी को हरेला पर्व की शुभकामनाएं दी। मेले को भव्य बनाने के लिए जिला प्रशासन और मंदिर समिति के प्रयास की सराहना की। मेले के दौरान स्कूली बच्चों ने कुमाऊंनी-गढ़वाली लोक गीतों में शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा में मौजूद लोगों की खूब तालियां बटोरी। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु जागेश्वर मंदिर दर्जन को पहुंचे।

**सीएम ने इन योजनाओं की घोषणा:** सरयू (सेराघाट) से वृद्ध जागेश्वर सहित जागेश्वर क्षेत्र के लिए पेयजल पंपिंग योजना का निर्माण, भगततोला कपकोट मोटर मार्ग का डामरीकरण, मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत वृद्ध जागेश्वर को धार्मिक पर्यटन से जोड़ने, भिकियासैंण में डाम का निर्माण, चमडखान में बैंक की स्थापना, भरतोली के प्राचीन देवायल मंदिर का जीर्णोधार, डिप्टेश्वर महादेव एवं कोटेश्वर महादेव का जीर्णोधार व सौंदर्यीकरण, मर्चुला भिकियासैंण मोटर मार्ग पर रामगंगा नदी पर रडास नमक मोटर पुल का निर्माण, महात्मा गांधी इंटर कॉलेज चनोदा सोमेश्वर के अपूर्ण भवन का निर्माण, चायखन-थूवासीमल से ध्युली-धोनी (अडोली सिमोली) व ध्यूली रौतेला चौना बैंड तक लिंक रोड का निर्माण, सोमेश्वर के ग्राम सभा रहत में धूनी गैर नमक स्थान पर मिनी स्टेडियम, शहरफाटक नंगधूनी मंदिर के पास मिनी स्टेडियम निर्माण, कंडार खोवा के सुनियाकोट माटीला मोटर मार्ग से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक व मोटर मार्ग का निर्माण समेत विकासखंड हवालबाग के गोविंदपुर स्थित देवडघाट के नानकोसी में मिनी बैराज का निर्माण की घोषणा की।

### धामी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करना पड़ा महंगा

**काशीपुर।** संजीवनी हॉस्पिटल के एमडी व भाजपा नेता मुकेश चावला ने एक युवक के खिलाफ मुख्यमंत्री के बारे में आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संजीवनी हॉस्पिटल के एमडी मुकेश चावला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आयुष रावत नाम के युवक द्वारा इंस्टाग्राम पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की फर्जी आईडी बनाकर उनकी और सरकार की छवि खराब करने का प्रयास किया गया है। युवक द्वारा किया गया यह कृत्य चुनी हुई सरकार के प्रति विद्रोह और अपमान करने का कार्य है। इससे उत्तराखंड की जनता की भावना आहत हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल कर दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### ये लोग रहे मौजूद


डीएम विनीत तोमर, एसएसपी देवेंद्र पींचा, सीडीओ आकांक्षा कोंडे, जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश बहुगुणा, जागेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति नवीन चंद्र भट्ट, प्रबंधक ज्योत्सना पंत, पंडित नवीन चंद्र भट्ट, प्रकाश भट्ट, हरीश प्रकाश सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ग्राहक बनकर उड़ाई 1.10 लाख की चेन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** शहर के नामी ज्वैलर्स के शोरूम पर ग्राहक बनकर आए चार लोगों ने 1.10 लाख कीमत की सोने की चेन उड़ा दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी में कैद संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है।

सिविल लाइंस निवासी संगीत पांडेय ने बताया कि वह सिविल लाइन स्थित बंसल ज्वैलर्स शोरूम में जनरल मैनेजर के पद पर कार्यरत है। बताया कि पांच जून को शोरूम पर शाम छह बजे के करीब तीन महिलाएं व एक पुरुष आए और जेवरात दिखाने की बात कही। कर्मी ने चारों संदिग्धों को सोने की चेन के कई मॉडल दिखाए और बाद में संदिग्ध बिना खरीदारी किए ही वापस चले गए। शोरूम बंद होने




के दौरान जब स्टॉक की गिनती की गई, तो 22 कैरेट जिसका वजन 15.260 ग्राम था, सोने की एक चेन गायब थी। इसकी कीमत 1.10लाख रुपये है।

जब सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू किया, तो पाया कि शोरूम पर आए चारों संदिग्धों ने ही चोरी की घटना को अंजाम दिया। शोरूम के जीएम संगीत पांडेय ने आदर्श कॉलोनी पुलिस को सूचना देने के बाद घटना की तहरीर दी। शिकायती पत्र देने के एक माह से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

